RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



पेज 7 राशि खन्ना हैं आपकी परफेक्ट...

वर्ष : 27 | अंक : 296 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 14 अक्टूबर, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# दलितों के साथ भेदभाव गलत : राहुल

## चंडीगढ़ में दिवंगत आईपीएस पूरन के परिजनों से मिले कांग्रेसी नेता





**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मंगलवार दोपहर को दिवंगत वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार के घर पहुंचे, जहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला।

आज राहुल गांधी सुबह-सुबह चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर पहुंचे, जहां हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा और अन्य कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे सीधे पूरन कुमार के आवास पर गए, जहां आईएएस पत्नी अमनीत पूरन कुमार और बेटी अमूल्या से करीब आधे घंटे तक बातचीत की।

आईपीएस पूरन को श्रद्धांजलि देने के बाद मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि सालों से सिस्टम के आधार पर भेदभाव हो रहा है। ऑफिसर को कमतर करने के लिए, करियर बर्बाद करने के लिए सिस्टम के आधार पर दूसरे ऑफिसर लगातार काम कर रहे हैं। ये सिर्फ एक परिवार का मामला नहीं है। देश में करोड़ों दलित भाई-बहन हैं। उनको गलत मैसेज जा रहा है क्या मैसेज जा रहे हैं कि आप कितने भी सफल क्यों न हों, कितने भी ताकतवर क्यों न हों, कितने भी इंटेलिजेंट क्यों न हों। अगर आप दलित हो तो आपको दबाया जा सकता है।

दरअसल, आईपीएस वाई. पूरन कुमार ने 7 अक्टूबर को चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित आवास के साउंडप्रूफ बेसमेंट में खुद को गोली मार ली थी। मौत से एक दिन पहले उन्होंने पत्नी अमनीत के नाम वसीयत और आठ पेज का सुसाइड नोट लिखा था। नोट में उन्होंने हरियाणा डीजीपी सत्रुजीत कपूर, रोहतक एसपी नरेंद्र बिजरनिया समेत 13 अधिकारियों पर जातिगत उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना और करियर बर्बाद करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। दिवंगत आईपीएस ने नोट में लिखा कि मैं अब और सहन नहीं कर सकता जो मुझे इस हालत में लाए, वे मेरी मौत के जिम्मेदार हैं।

### अंतिम संस्कार करने से इनकार

इस मामले में पूरन कुमार की पत्नी और आईएएस अधिकारी अमनीत पूरन कुमार ने चंडीगढ़ पुलिस को शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही पीड़ित परिवार आरोपी अधिकारियों को FIR में नामजद करने और उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी और ऐसा न होने तक परिवार ने दिवंगत IPS पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है।

## पत्नी का पहले गला दबाया मरी नहीं तो मार दी गोली



**गाजियाबाद (ब्यूरो)।** गाजियाबाद में पारिवारिक विवाद ने एक घर उजाड़ दिया है। पति-पत्नी के झगड़े का खौफनाक अंजाम सामने आया है। नंदग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन में एक पति ने अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। पत्नी की हत्या के बाद से पति फरार है। पत्नी की जब पति ने हत्या की तो उस समय उसकी 11 वर्ष की बेटी घर में थी।

सहायक पुलिस आयुक्त नंदग्राम श्रीमती उपासना पांडेय ने बताया कि गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन में स्थित अजनारा इंटीग्रिटी सोसायटी में एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। घरेलू विवाद में पति ने पत्नी की हत्या कर दी है। जांच में पता चला कि पहले आरोपी पति ने पत्नी का गला दबाया और जब नहीं मरी तो गोली मार दी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पत्नी को अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी विकास सहलावत ने घरेलू विवाद में अपनी पत्नी रूबी (पृष्ठ-5 पर)

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बीटा-2 क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के दौरान महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मूल रूप से बिहार निवासी संजय पासवान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह हाल में अपने परिवार के साथ तुगलपुर में रह रहा है। 12 अक्टूबर की रात्रि को उनकी पत्नी काम पर से घर वापस लौट रही थी। अल्फा-1 गोल चक्कर के पास तेज गति में आ रही बाइक ने उनकी पत्नी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने उन्हें उपचार के लिए नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।



## फावड़े से वार कर किया लहुलुहान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना रबूपुरा क्षेत्र के ग्राम भुन्ना तगा में चार लोगों ने अपने चाचा के घर आए युवक के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने फावड़े से वार कर युवक को घायल कर दिया।

नीरज शर्मा ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 10 अक्टूबर की शाम को वह अपनी कार से अपने चाचा के घर आया था। चाचा के पड़ोसी गुलशन उर्फ अभिषेक व अरुण दोनों बैठकर शराब पी रहे थे उसे देखते ही दोनों उसे गालियां बकने लगे। उसने जब गाली देने का विरोध किया तो गुलशन उर्फ अभिषेक अरुण अशोक पुनीत आदि ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान गुलशन उर्फ अभिषेक अपने घर से फावड़ा लेकर आया और उसे पर वार कर उसे घायल कर दिया। मारपीट में उसे काफी चोटें आई। शोर शराबा सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे इसके बाद सभी आरोपी भविष्य में जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

## पत्नी ने फोन कर बुलाये मायकेवाले, फिर हुई मारपीट

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी,सास,ससुर व सालों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि ससुराल वालों ने उसके परिजनों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया और जमकर उत्पात मचाया। ग्राम सदरपुर निवासी राहुल चौहान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 11 अक्टूबर को घरेलू विवाद में उसकी पत्नी ने फोन कर अपने मायके वालों को बुला लिया। मौके पर पहुंचे उसके ससुर रामनाथ, साला निशांत चौहान, सास सीमा देवी, अभिषेक, आकाश सिंह और चरण सिंह ने आते ही अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया। उसने जब इस बात का विरोध किया तो सभी ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। झगड़ा होता देखकर उसकी (शेष पृष्ठ-5 पर)

## पूर्व केंद्रीय मंत्री के बेटे को दी धमकी, भीड़ को उकसाया

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा की एक इवेंट कंपनी द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री के बेटे और बॉलीवुड के मशहूर गायक तथा संगीतकार को धमकी देने तथा शो में शामिल भीड़ को उकसाने का बड़ा मामला सामने आया है। इस मामले में नोएडा के थाना सेक्टर- 63 में पूर्व केंद्रीय मंत्री (दर्जा प्राप्त) तथा वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य अरुण हलदर ने एफआईआर दर्ज कराई है।

नोएडा के थाना सेक्टर-63 में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य अरुण हलदार पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दर्ज कराई शिकायत में कहा कि उनका बेटा अनुराग हलदार जो कि एक जाना माना बॉलीवुड गायक व संगीतकार है उसका एक इवेंट लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में होना था। इस इवेंट को जेआरएनवाई इवेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा था।

> “पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि इस पूरी घटना के बाद से जेआरएनवाई इवेंट कंपनी की टीम उनके बेटे को फोन पर धमकाते हैं और उसे ‘बंगाली आतंकवादी’ कहते हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए इवेंट कंपनी के संचालक यशवर्धन गोयल, विक्रांत व उनकी टीम के साथ सभी शर्तें तय की गई थी। इन शर्तों के तहत साउंड और लाइट की व्यवस्था के लिए भुगतान शो शुरू होने के बाद तय किया गया था। लेकिन इवेंट्स कंपनी द्वारा जबरन अग्रिम भुगतान के लिए दबाव बनाया गया और धमकी दी गई की भुगतान न किया गया तो शो रोक देंगे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने बताया कि शो के दौरान बिजली गुल हो गई जिस पर जेआरएनवाई कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा उनके बेटे को धमकाया गया। इवेंट कंपनी के लोगों ने उनके बेटे को मां की गाली दी और शो में मौजूद भीड़ को उनके बेटे के खिलाफ उकसाया गया। जब उन्हें इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने लखनऊ पुलिस कमिश्नर से संपर्क किया तब जाकर पुलिस ने भीड़ को शांत कराया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि इस पूरी घटना के बाद से जेआरएनवाई इवेंट कंपनी की टीम उनके बेटे को फोन पर धमकाते हैं और उसे ‘बंगाली आतंकवादी’ कहते हैं तथा उनके करियर को बर्बाद करने की धमकी भी दी जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।

## बेटे को पड़ोसी देते हैं ड्रग्स, पिलाते हैं शराब

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बीटा-2 क्षेत्र में पीजी चलाने वाले व्यक्ति व उसके दो बेटों के खिलाफ पड़ोसी ने मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले पिता-पुत्र उसके बेटे को अपने घर बुलाकर ड्रग्स और अल्कोहल देते हैं। उसके बेटे को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

ग्रेटर नोएडा के अल्फा-1 में रहने वाले अरविंद कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले जगदानंद पटेल और उनके दोनों पुत्र शिवम पटेल और सत्यम पटेल ने अपने घर में पीजी खोल रखा है। पिता पुत्र मिलकर उसके बेटे को अपने घर बुलाकर उसे ड्रग्स और अल्कोहल का सेवन करते हैं। पूर्व में उनके बेटे के साथ मारपीट कर जान से मारने का प्रयास किया गया। इस मारपीट की उन्होंने वीडियो बना ली जिसमें उनके बेटे को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। अरविंद कुमार का आरोप है कि उसके बेटे को फोन कर आरोपी गाली-गलौज करते हुए अपने घर बुलाने का दबाव बनाते हैं। जगदानंद पटेल व उसके दोनों पुत्र आपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं। पीड़ित का कहना है कि शिवम पटेल और सत्यम पटेल के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क में भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## विधवा महिला की जमीन पर बहू की नजर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी में एक विधवा महिला ने अपनी बहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। विधवा महिला का आरोप है कि उसकी बहू उसके हिस्से की जमीन अपने नाम कराना चाहती है। उसके द्वारा इंकार करने पर उसने गाली गलौज व मारपीट की। ग्राम शाहपुर खुर्द निवासी शीला देवी ने बताया कि उनके पति की कुछ समय पूर्व मृत्यु हो गई थी। उनके बेटे की बहू नीलम आए दिन घर में प्रॉपर्टी अपने नाम करने को लेकर झगड़ा करती है। पिछले कुछ समय से नीलम उन पर उनके हिस्से की जमीन को अपने नाम करने का दबाव डाल रही थी। उन्होंने जमीन नाम करने से इनकार कर दिया। 13 अक्टूबर की सुबह जमीन नाम करने को लेकर नीलम ने घर में वाद-विवाद शुरू कर दिया। वाद-विवाद के दौरान उसने उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की। वृद्धा का आरोप है कि उसकी बहू ने धमकी दी है कि अगर जमीन उसके नाम नहीं की गई तो वह उसे जान से मार देगी। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।



## मेट्रो ट्रेन में जेब से निकाला मोबाइल

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थानों से दो लोगों के मोबाइल फोन चोरी हो गए। पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। दिल्ली निवासी बैनर लानामी जेम्स ने थाना सेक्टर-39 में दर्ज कर रिपोर्ट में बताया कि 13 अक्टूबर को वह बोटैनिकल गार्डन से सेक्टर-52 के लिए मेट्रो ट्रेन में सवार हुआ था। मेट्रो ट्रेन के भीतर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। मोबाइल फोन चोरी होने की जानकारी मिलने पर उसने उसकी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। वहीं थाना फेस-1 में संतनगर दिल्ली निवासी अमित कुमार लामा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सेक्टर-15 से उनका मोबाइल फोन चोरी हो गया। उन्होंने अपने फोन की तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।




## दो लोगों से मोबाइल झपटे

**नोएडा (चेतना मंच)।** बाइक सवार बदमाशों ने अलग-अलग स्थानों पर झपटमारी की दो वारदातों को अंजाम दिया। बाइक सवार दो लोगों से मोबाइल फोन छीन कर ले गए। पीड़ितों ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना फेस-1 में आशुतोष गुप्ता ने अपना मोबाइल छीनने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि 4 अक्टूबर की रात्रि को वह महामाया फ्लाईओवर की तरफ से आ रहे थे। रास्ते में बाइक पर आए दो युवकों ने उनके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। बदमाशों की बाइक की गति तेज होने के कारण वह उसका नंबर नोट नहीं कर पाए। थाना सेक्टर-58 में बरेली निवासी इरशाद अली ने अपना मोबाइल फोन झपटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इरशाद अली ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मामूरा सेक्टर 66 बिजली घर के पास (शेष पृष्ठ-5 पर)

## बकायेदार ग्रुप हाउसिंग सोसइटी पर चला प्राधिकरण का डंडा

### नोएडा प्राधिकरण लगा रहा है बकायेदार सोसायटी पर होर्डिंग्स

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने चेतावनी दी कि बकायेदार ग्रुप हाउसिंग सोसइटी को किसी भी कीमत पर बख्शा न जाए। यदि उन्होंने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बताते चलें कि नोएडा प्राधिकरण उन ग्रुप हाउसिंग सोसइटी के बाहर होर्डिंग लगवा रहा है। जिन पर प्राधिकरण का करोड़ों रुपए बकाया है। बोर्ड सोसाइटी के बाहर सरकारी जमीन पर लगाए जा रहे है। इसकी एक लिस्ट भी ऑनलाइन की जाएगी। जिसमें बोर्ड के साथ ग्रुप हाउसिंग बिल्डर का नाम दिया जाएगा। हाल ही में नोएडा प्राधिकरण ने एक बोर्ड लोटस पनाश सोसाइटी के बाहर लगवाया। एनसीएलटी में ये प्रोजेक्ट है। बोर्ड पर वहां के निवासियों ने आपत्ति जताई।



प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि प्राधिकरण कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं कर रहा है। बल्कि लोगों को बता रहा है कि परियोजना पर कितना बकाया है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। होर्डिंग परिसर के बाहर, सरकारी जमीन पर हैं। उन्होंने आगे कहा कि सभी डिफॉल्ट होने वाली परियोजनाओं के बाहर ऐसे होर्डिंग लगाए जाएंगे। उनकी तस्वीरें प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाएंगी। उन्होंने कहा, ‘इन परियोजनाओं पर सामूहिक रूप से हजारों करोड़ रुपये बकाया हैं।’

उन्होंने कहा कि दिसंबर 2023 में अमिताभ कांत की सिफारिश के बाद भी कई डेवलपर अपना बकाया जमा करने ओर नीतिगत लाभों का फायदा उठाने सामने नहीं है। इस लिए इस तरह का एक्शन लिया जा रहा है।

29 सितंबर तक कुल 57 बिल्डर परियोजनाओं में से 35 बिल्डर परियोजनओं ने अमिताभ कांत की सिफारिश का लाभ लिया। 25 प्रतिशत राशि के सापेक्ष (शेष पृष्ठ-5 पर)

## ग्रीनहाउस गैस

लगातार ग्लोबल वार्मिंग संकट से जूझती दुनिया में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर नियंत्रण की दिशा में भारत सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता जतायी है। केंद्र सरकार के गत सप्ताह की शुरुआत में अधिसूचित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता लक्ष्य नियम, भारत में औद्योगिक प्रदूषण और पर्यावरणीय क्षरण रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा रहा है। इन नियमों ने कार्बन-प्रधान उद्योगों के लिये देश के पहले कानूनी रूप से बाध्यकारी उत्सर्जन न्यूनतम करने के लक्ष्य निर्धारित किए हैं। ऐसे में, जो उत्पादन इकाइयां अपने निर्धारित लक्ष्य से कम कार्बन का उत्सर्जन करती हैं, वे व्यापार योग्य कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकती हैं। वहीं दूसरी ओर निर्धारित लक्ष्य से अधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाली इकाइयों को भारतीय कार्बन बाजार से समतुल्य क्रेडिट खरीदना होगा या फिर जुर्माना देने को बाध्य होना होगा। दरअसल, एल्युमीनियम, सीमेंट, लुगदी एवं कागज आदि क्षेत्रों की 282 औद्योगिक इकाइयों को 2023-24 के आधार रेखा स्तर से अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि पहले अनुपालन चक्र में कुछ बड़ी कंपनियां शामिल हैं, जिसमें वेदांता, हिंडाल्को, नाल्को और बाल्को द्वारा संचालित एल्युमीनियम स्मेल्टर और अल्ट्राटेक, डालमिया, जे.के सीमेंटे,श्री सीमेंट और एसीसी के स्वामित्व वाले बड़े सीमेंट संयत्र शामिल हैं। निश्चित रूप से केंद्र सरकार ने एक सख्त संदेश दिया है कि बड़े औद्योगिक घरानों को हरित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये अनुकरणीय उदाहरण पेश करना होगा। यदि ये ताकतवर बड़े घराने हरित लक्ष्यों की पूर्ति के लिये सार्थक पहल करते हैं तो आम लोगों को भी उससे प्रेरणा मिलेगी। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक देश है। जिसमें चीन पहले और अमेरिका दूसरे स्थान पर है। निस्संदेह, नये नियम, जो उद्योगों को उत्सर्जन कम करने के लिये प्रोत्सहित करते हैं, उनके औद्योगिक प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार ऊर्जा दक्षता योजना पर आधारित हैं। जिसने ऊर्जा-बचत के लक्ष्य निर्धारित किए। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिसे दंड लगाने और समयबद्ध निगरानी व वसूली का काम सौंपा गया है, को कानूनी ढांचे के अनुसार सख्ती से कार्य करने की आवश्यकता है। इस बाबत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को बड़े औद्योगिक दिग्गजों के प्रतिरोध के लिये पूरी तरह तैयार रहना चाहिए। यह बात उत्साहजनक है कि भारत ने इस वर्ष पहली छमाही में पहले से कहीं अधिक सौर और पवन ऊर्जा का उत्पादन किया। जबकि इस अवधि के दौरान भारत के बिजली क्षेत्र में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में साल-दर-साल आधार पर एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मानवीय गतिविधियों से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसों को जलवायु परिवर्तन का सबसे अहम कारक माना जाता है। हमारा देश, जिसने इस वर्ष ही जलवायु प्रभाव संबंधी आपदाओं की बाढ़ देखी है, को स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिये युद्ध स्तर पर प्रयास करना चाहिए। निस्संदेह, सतत विकास - जलवायु के प्रति संवेदनशीलता कार्बन-तटस्थ भविष्य की ओर बढ़ने के अनुरूप होना चाहिए।

## रामचरित मानस

**पिछले अंक में आपने पढ़ा था कि ( इस प्रकार ) हृदय में सीताजी की शोभा का वर्णन करके और अपनी दशा को विचारकर प्रभु श्री रामचन्द्रजी पवित्र मन से अपने छोटे भाई लक्ष्मण से समयानुकूल वचन बोले- ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**तात जनकतनया यह सोई। धनुषजग्य जेहि कारन होई॥**
**पूजन गौरि सखीं लै आईं। करत प्रकासु फिरइ फुलवाईं॥**

हे तात! यह वही जनकजी की कन्या है, जिसके लिए धनुषयज्ञ हो रहा है। सखियाँ इसे गौरी पूजन के लिए ले आई हैं। यह फुलवाड़ी में प्रकाश करती हुई फिर रही है॥

**जासु बिलोकि अलौकिक सोभा। सहज पुनीत मोर मनु छोभा॥**
**सो सबु कारन जान बिधाता। फरकहिं सुभद अंग सुनु भ्राता॥**

जिसकी अलौकिक सुंदरता देखकर स्वभाव से ही पवित्र मेरा मन क्षुब्ध हो गया है। वह सब कारण (अथवा उसका सब कारण) तो विधाता जानें, किन्तु हे भाई! सुनो, मेरे मंगलदायक (दाहिने) अंग फड़क रहे हैं॥

**रघुबंसिन्ह कर सहज सुभाऊ। मनु कुपंथ पगु धरइ न काऊ॥**
**मोहि अतिसय प्रतीति मन केरी। जेहिं सपनेहुँ परनारि न हेरी॥**

रघुवंशियों का यह सहज (जन्मगत) स्वभाव है कि उनका मन कभी कुमार्ग पर पैर नहीं रखता। मुझे तो अपने मन का अत्यन्त ही विश्वास है कि जिसने (जाग्रत की कौन कहे) स्वप्न में भी पराई स्त्री पर दृष्टि नहीं डाली है॥

( क्रमशः.. )

# तरक्की को मुंह चिढ़ा रहे हैं महिला अपराधों के आंकड़े

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के वर्ष 2023 के महिला अपराधों के आंकड़े देश की तरक्की के आंकड़ों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। देश एक तरफ जहां रक्षा, विज्ञान—तकनीकी, चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों में जहां लगातार आगे बढ़ रहा है वहीं महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के मामलों में शर्मसार हो रहा है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में उससे पिछले दो सालों की तुलना में महिलाओं के खिलाफ अपराध के ज्यादा मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा केस उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए। उसके बाद महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में पूरे देश में ऐसे करीब 4.5 लाख मामले दर्ज किए गए।

वर्ष 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4,48,211 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में 4,45,256 और 2021 में 4,28,278 मामले थे। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 66,381 मामले दर्ज किए गए, उसके बाद महाराष्ट्र में 47,101, राजस्थान में 45,450, पश्चिम बंगाल में 34,691 और मध्यप्रदेश में 32,342 मामले दर्ज किए गए। तेलंगाना प्रति लाख महिला जनसंख्या पर 124.9 अपराध दर के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि इसके बाद राजस्थान 114.8, ओडिशा 112.4, हरियाणा 110.3 और केरल में 86.1 अपराध दर दर्ज की गई।

भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए के तहत पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के मामले सबसे ज्यादा थे, जिनमें 133,676 मामले दर्ज किए गए और इनकी दर 19.7 रही। महिलाओं के अपहरण और बंधक बनाने के 88,605 मामले दर्ज किए गए और इनकी दर 13.1 रही। महिलाओं की गरिमा भंग करने के इरादे से हमला करने के 83,891 मामले आए जबकि बलात्कार के 29,670 मामले दर्ज किए गए। अठारह वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं से बलात्कार के 28,821 मामले आए और 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों से बलात्कार के 849 मामले आए। बलात्कार के प्रयास के 2,796 मामले दर्ज किए गए।

यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत बच्चों से बलात्कार के 40,046 मामले, यौन उत्पीड़न के 22,149 मामले, यौन प्रताड़ना के लिए 2,778 मामले, पोर्नोग्राफी के लिए बच्चों का इस्तेमाल करने के 698 मामले और कानून के अन्य प्रावधानों के तहत 513 मामले दर्ज किए गए। पुलिस के निपटारा आंकड़ों से पता चला कि पिछले वर्षों से 185,961 मामले जांच के लिए लंबित थे, जबकि 4,48,211 नए मामले दर्ज किए गए और 987 स्थानांतरित किए गए। इस तरह कुल 635,159 मामले थे। एसिड अटैक के 113 मामले दर्ज किए गए।

साल 2012 में दिल्ली में निर्भया के बलात्कार और हत्या के



***डब्ल्यूपीएस इंडेक्स ( महिला शांति और सुरक्षा सूचकांक ) की 2023 की रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग साल 2023 में 128वें स्थान पर रही। डेनमार्क, स्विट्जरलैंड और स्वीडन शीर्ष पर रहे, जबकि अफगानिस्तान, यमन और मध्य अफ्रीकी गणराज्य सबसे निचले स्थान पर रहे।***

बाद जमीन पर ज्यादा कुछ बदला नहीं दिखता। कठोर कानून मौजूद हैं, पर वे कितने प्रभावी हैं? साल 2022 के लिए उपलब्ध आंकड़े दिखाते हैं कि 'महिलाओं के खिलाफ अपराध' के कुल 4,45,256 मामले दर्ज किये गये, जो साल 2021 से चार फीसदी ज्यादा थे। महिलाओं के खिलाफ अपराध का सबसे बड़ा हिस्सा 'पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता' (31.4 फीसदी) के तहत दर्ज हुआ, जबकि सभी अपराधों में 'शील हनन की नीयत से महिलाओं पर हमले' का हिस्सा 18.7 फीसदी था, और 'बलात्कार' 7.1 फीसदी पर रहा।

डब्ल्यूपीएस इंडेक्स (महिला शांति और सुरक्षा सूचकांक) की 2023 की रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग साल 2023 में 128वें स्थान पर रही। डेनमार्क, स्विट्जरलैंड और स्वीडन शीर्ष पर रहे, जबकि अफगानिस्तान, यमन और मध्य अफ्रीकी गणराज्य सबसे निचले स्थान पर रहे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2022 में महिलाओं को निशाना बनाकर की जाने वाली राजनीतिक हिंसा के मामले में भारत शीर्ष 10 सबसे खराब देशों में शामिल है। मेक्सिको 537 ऐसी घटनाओं के साथ इस सूची में शीर्ष पर है, उसके बाद ब्राज़ील (327) का स्थान है, जबकि भारत इस सूची में 125 घटनाओं (प्रति 100,000 महिलाओं पर) के साथ सातवें स्थान पर है, जहाँ विशेष रूप से राजनीतिक हिंसा के लिए महिलाओं को निशाना बनाया जाता है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019-21) में पाया गया कि 18-49 वर्ष की आयु की 29.3त्न महिलाओं ने अपने जीवनकाल में पति द्वारा हिंसा का अनुभव किया है। अगर अपराध दर्ज भी हो जाते हैं, तो न्याय धीमा हो सकता है; पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण अक्सर पीड़ितों को ही दोषी ठहराते हैं या उनकी गवाही को हतोत्साहित करते हैं। परिणामस्वरूप, कई मामले आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज ही नहीं होते। विशेषज्ञों का कहना है कि सांस्कृतिक शर्मिंदगी और प्रतिशोध का डर रिपोर्ट दर्ज कराने में बड़ी बाधाएँ हैं। भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराधों का कारण पितृसत्तात्मक सोच, सामाजिक रूढ़िवादिता, शिक्षा और जागरूकता की कमी, कानूनों का कम प्रभावी कार्यान्वयन और महिलाओं के प्रति समाज की घटती संवेदनशीलता जैसे सामाजिक-आर्थिक और संरचनात्मक कारक हैं।

भारत की चुनौती वैश्विक रुझानों के समान और उनसे भी बदतर है। कई देशों की तरह, भारत भी कम रिपोर्टिंग और कलंक से जूझ रहा है। लेकिन गहरी जड़ें जमाए हुए लैंगिक पूर्वाग्रह और विशाल जनसंख्या घनत्व का मतलब है कि अघोषित अपराधों का एक छोटा सा प्रतिशत भी बहुत बड़ी संख्या में तब्दील हो जाता है। अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों की तुलना इस बात पर ज़ोर देती है कि समाधानों में हर देश की हिस्सेदारी है ङ्क अंतरराष्ट्रीय समझौतों को लागू करने से लेकर सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने तक। कानूनों और जागरूकता के मामले में भारत में हाल ही में हुए सुधार सकारात्मक हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत अभी भी कई समकक्षों से पीछे है।

**-योगेंद्र योगी**

# इसराइल-हमास संघर्ष - शांति, कूटनीति और डोनाल्ड ट्रंप

लगभग 2 वर्षों के बाद गाजा पट्टी में इसराइल हमास युद्ध अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्तता से थम गया है. इस समझौते में इसराइल के हमास द्वारा बनाए गए इसराइल नागरिक शेष 20 बंधक इसराइल को सौंपें दिए गए बदले में 1900 से ज्यादा बंधकों और फिलिस्तीन कैदियों को रिहा किया गयाद्य इस युद्ध में अरबों रूपयों का आर्थिक नुकसान हुआ और गाजा पट्टी फिलिस्तीन से एक लाख से ज्यादा नागरिक विस्थापित हुए हैं, और मारे गए इजराइल फिलिस्तीन नागरिकों की संख्या बहुत बड़ी है जिसकी सच्चाई का आकलन अभी तक नहीं किया जा पाया है। यह युद्ध विराम मानवता के लिए एक बड़ी राहत संधि मानी जा रही है। इसके बदले डोनाल्ड ट्रंप को इसराइल का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भी दिया गया है। डोनाल्ड ट्रंप के ताज में शांति समझौते का एक और नया हीरा जुड़ गया है। डोनाल्ड ट्रंप की नोबेल पुरस्कार प्राप्ति की आकांक्षा 2026 के लिए फिर शुरू हो गई वे अभी भी नोबेल पुरस्कार की दौड़ में बड़े आकांक्षी हैं।

इसराइल-हमास-गाज़ा पट्टी का संघर्ष दशकों से मध्य-पूर्व की राजनीति का सबसे गंभीर अध्याय रहा है। 1948 में इसराइल के गठन के साथ ही अरब-फ़िलिस्तीनी विवाद आरंभ हुआ और 1967 के युद्ध के बाद गाज़ा इसराइली नियंत्रण में आया। 2007 में हमास द्वारा गाज़ा पर नियंत्रण और इसराइल की नाकेबंदी ने तनाव को और गहरा किया। सितंबर 2023 में हमास ने अचानक इसराइल पर हमला कर लगभग 251 नागरिकों को बंधक बना लिया। इस हमले ने न केवल मध्य-पूर्व बल्कि विश्व-राजनीति को भी हिला दिया। अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जिन्होंने पहले अब्राहम समझौते के माध्यम से अरब-इसराइल संबंधों में शांति का द्वार खोला था, ने इस संकट को अपनी नोबेल शांति पुरस्कार की आकांक्षा से जोड़ते हुए सक्रिय मध्यस्थता की। ट्रंप ने कतर, मिस्र, संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय साझेदारों के साथ मिलकर एक बहुपक्षीय शांति प्रारूप तैयार किया। उन्होंने इसे ह्यूमैनिटी फर्स्ट इनिशिएटिव नाम दिया और कहा कि यदि यह समझौता सफल होता है तो मैं नहीं, बल्कि शांति खुद नोबेल की हक़दार होगी। जनवरी 2025 में उनके नेतृत्व में हुए समझौते में 33 इज़राइली बंधकों की रिहाई हुई, जिनमें 25 जीवित और 8 मृत घोषित हुए। इसके बदले इसराइल ने लगभग 1,700 फ़िलिस्तीनी कैदियों को छोड़ा। यह गाज़ा शांति चरण-1 समझौता कहलाया। इसके बाद अक्टूबर 2025 में शेष 20 जीवित बंधक भी छोड़े गए, जिनकी वापसी को अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने ऐतिहासिक राहत माना। इस रिहाई और युद्धविराम की प्रक्रिया में अमेरिका और कतर के साथ भारत की भूमिका विशेष रूप से रेखांकित रही। भारत ने गाज़ा में मानवीय सहायता, चिकित्सा उपकरण, खाद्य सामग्री और राहत दल भेजे। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दोनों पक्षों से संयम बरतने और आतंकवाद से मुक्त स्थायी शांति की अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ है और निर्दोष जीवन की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगा। भारत की यह संतुलित नीति — जहाँ एक ओर इसराइल के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया गया, वहीं फ़िलिस्तीनी नागरिकों की सुरक्षा पर भी जोर दिया गया,उसे एक विश्वसनीय मध्यस्थ छवि प्रदान करती है। दूसरी ओर, नाटो देशों की प्रतिक्रिया आरंभ में इज़राइल-समर्थक रही। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और कनाडा ने हमास के हमले को आतंकी कार्रवाई बताया और इज़राइल को सैन्य, तकनीकी और खुफिया सहायता दी। परंतु जैसे-जैसे गाज़ा में नागरिक हताहत बढ़े, यूरोपीय संघ और नाटो देशों में मतभेद उभरने लगे। फ्रांस और स्पेन जैसे देशों ने मानवीय संघर्षविराम का आग्रह किया जबकि अमेरिका ने मध्य-पूर्व में स्थायी शांति के लिए कूटनीतिक दबाव बनाए रखा। इस दौरान ट्रंप की व्यक्तिगत भूमिका सबसे निर्णायक बनी रही। उन्होंने कई बार सार्वजनिक रूप से कहा कि उनका प्रयास केवल राजनीतिक समाधान नहीं बल्कि मानवता की बहाली है, और उन्होंने इसे अपनी नोबेल शांति पुरस्कार की आकांक्षा से जोड़ा। अंतरराष्ट्रीय समुदाय में उन्हें शांति दूत बनाने का प्रयास किया गया है।



इसराइल-हमास-गाज़ा पट्टी का संघर्ष आधुनिक विश्व की सबसे जटिल मानवीय और राजनीतिक त्रासदियों में से एक है। गाज़ा पट्टी आकार में भले ही छोटी हो, परंतु इसका इतिहास, भू-राजनीति और संघर्ष की गहराई अत्यंत विशाल है। 1948 में इज़राइल राष्ट्र के गठन के साथ ही पहला अरबङ्कइज़राइल युद्ध छिड़ गया था, जिसके बाद गाज़ा मिस्र के नियंत्रण में आया और 1967 के छह दिवसीय युद्ध में इज़राइल ने इस क्षेत्र पर कब्ज़ा कर लिया। 1990 के दशक में ओस्लो समझौते के बाद सीमित स्वशासन वाली फिलिस्तीनी प्राधिकरण की स्थापना हुई, किंतु इसके कुछ ही वर्षों बाद हमास नामक संगठन ने धीरे-धीरे राजनीतिक प्रभाव बढ़ाया और 2006 में हुए चुनावों में अप्रत्याशित रूप से विजयी हुआ। 2007 में फतह के साथ संघर्ष के बाद हमास ने गाज़ा पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया। इसके बाद इज़राइल ने सुरक्षा कारणों से गाज़ा की सीमाओं को सील कर दिया और थल, जल, वायु मार्गों पर कड़ी नाकेबंदी लागू कर दी। इसी के साथ गाज़ा लगातार मानवीय संकट और अस्थिरता का केंद्र बन गया। सितंबर 2023 में विश्व समुदाय तब स्तब्ध रह गया जब हमास ने इज़राइल पर अचानक बड़े पैमाने पर हमला किया। इस हमले में रॉकेट बमबारी, सीमा पार घुसपैठ और नागरिकों पर हमले शामिल थे। हमास के लड़ाकों ने लगभग सात सौ इज़राइली नागरिकों और सैनिकों को बंधक बना लिया और उन्हें गाज़ा में अपनी पकड़ में रखा। यह घटना आधुनिक इज़राइल के इतिहास की सबसे बड़ी सुरक्षा विफलताओं में से एक मानी गई। इसके प्रतिकार में इज़राइल ने ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड नामक भीषण सैन्य अभियान शुरू किया जिसमें गाज़ा पर लगातार हवाई और ज़मीनी हमले किए गए। इस अभियान में हजारों इमारतें ध्वस्त हुईं, सैकड़ों नागरिक मारे गए और लाखों लोग विस्थापित हो गए। मिस्र, कतर और अमेरिका की मध्यस्थता से कई दौर की बातचीत के बाद कुछ बंधकों को मानवीय आधार पर छोड़ा गया, किंतु अधिकांश अब भी लापता हैं। इस युद्ध ने न केवल मध्य पूर्व बल्कि पूरी दुनिया को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर इस संघर्ष का अंत कहाँ है। गाज़ा में पहले से ही बिजली, पानी, दवाइयाँ और आवास जैसी सुविधाएँ सीमित थीं। अब स्थिति और भयावह हो गई है। संयुक्त राष्ट्र ने इसे 21वीं सदी के सबसे बड़े मानवीय संकटों में एक बताया। अस्पतालों में संसाधनों की कमी, बच्चों और बुजुर्गों की त्रासदी और शरणार्थी शिविरों में बढ़ती भीड़ इस संघर्ष की मानवीय कीमत को दर्शाती है। राजनीतिक दृष्टि से हमास इसे प्रतिरोध का युद्ध कहता है जबकि इज़राइल इसे आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई मानता है। दोनों पक्षों के अपने तर्क हैं, परंतु बीच में पिस रही है आम जनता, जिसकी पीड़ा किसी भी पक्ष के लिए प्राथमिकता नहीं रह गई है। भविष्य को लेकर तीन संभावनाएँ सामने आती हैं। पहली, निकट भविष्य में स्थिति में स्थायित्व नहीं आने वाला है। तब तक वहाँ की हर सुबह धुएँ और आँसुओं में डूबी रहेगी। यही आज की सबसे बड़ी सच्चाई है — कि युद्ध से कोई विजेता नहीं निकलता, केवल पीड़ा और विनाश शेष रह जाता है।

**संजीव ठाकुर,चिंतक, लेखक स्तंभकार**

# राशिफल

**कार्तिक माह, कृष्ण पक्ष, अष्टमी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भूमि, भवन और वाहन की खरीदारी का प्रबल योग बनेगा। थोड़ा गृह कलह के संकेत रहेंगे।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर, प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी, व्यापार भी अच्छा

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
धन का आगमन बढ़ेगा। अपनों में वृद्धि होगी। जुबान पर नियंत्रण रखें और निवेश अभी रोक कर रखें।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी है और व्यापार भी अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। मन घबराहट बेचैनी से परेशान होगा। खर्च की अधिकता रहेगी बाकी प्रेम, संतान, व्यापार अच्छा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी। शुभ समाचार की प्राप्ति।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। सरकारी तंत्र से लाभ होगा। कानूनी पचड़ों से बाहर आएंगे। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। जीवनसाथी का साथ और स्वास्थ्य बहुत अच्छा। आनंददायक जीवन गुजारेंगे।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
गुण, ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
लेखकों के लिए, कवियों के लिए, फिल्मकारों के लिए, साहित्यकारों के लिए अत्यंत शुभ समय।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भूमि, भवन और वाहन की खरीदारी का प्रबल योग बनेगा। घर में कुछ उत्सव सा माहौल बनेगा।

# अनुशासन, आत्मविश्वास को सशक्त बनाती है खेल: धीरेन्द्र सिंह

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जेवर स्थित जनता इंटर कॉलेज में 29वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह शामिल हुए। प्रतियोगिता में जनपद गौतमबुद्धनगर के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस मौके कर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने का सशक्त साधन हैं। युवा पीढ़ी जितनी अधिक खेलों में भाग लेगी, उतना ही समाज और देश का भविष्य उज्जवल होगा।

विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को समान अवसर मिले। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने जनता इंटर कॉलेज प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं को निखारने का माध्यम बनते हैं।



# प्रदेश में कफ सिरप बनाने में हो रही है अनदेखी

**लखनऊ ( एजेंसी )।** प्रदेश में कफ सिरप बनाने के मानकों की अनदेखी हो रही है। कई फर्म जुगाड़ से चल रही हैं तो कुछ ने आवश्यक दस्तावेज भी पूरे नहीं किए हैं। यह खुलासा हुआ है विभिन्न फर्मों की जांच में। अब केंद्रीय टीम भी उत्तर प्रदेश में निगाह गड़ा दी है। सोमवार को इस टीम ने हापुड़ में पांच नमूने लिए। यह टीम अन्य जिलों में भी रैंडम जांच करेगी।

राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद उत्तर प्रदेश में भी जांच अभियान चलाया गया है। प्रदेश में मौजूद कफ सिरप बनाने वाली 37 कंपनियों में 17 सिरप निर्माण में लगी हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने इनकी जांच की। निर्मित सिरप के साथ ही कच्चे माल के भी नमूने लिए गए हैं। अब तक विभिन्न कंपनियों करीब 780 नमूने लैब में भेजे गए हैं। इनकी जांच शुरू हो गई है। इस बीच विभिन्न जिलों से आई जांच रिपोर्ट का आकलन किया गया तो नतीजे चौकाने वाले मिले हैं। कंपनियों में स्वच्छता के मानकों की अनदेखी पाई गई है। निर्धारित उपकरणों का अभाव, कई जरूरी दस्तावेज भी नहीं मिले हैं। ऐसे में लखनऊ, सहारनपुर, मथुरा और अलीगढ़ की एक-एक कंपनी में सिरप निर्माण कार्य रोक दिया गया है। अन्य को नोटिस जारी किया गया है।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली वंदे भारत त्यौहार विशेष | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 15.11.25 तक |
| 02251 | पटना जं. | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 16.11.25 तक |
| 02253 | पटना जं. वंदे भारत त्यौहार विशेष | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 17.11.25 तक |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.11.25 तक |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर जं. | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जं. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जं. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शुक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर जं. | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर जं. | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुलतानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुलतानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बड़गाम | 20:20 | सप्ताह में छ: दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बड़गाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे जं. | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे जं. | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे जं. | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे जं. | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हज़रत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.25 तक |
| 07096 | हज़रत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.25 तक |
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| 05220 | आनंद विहार (ट.) | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| 03697 | गया जं. | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं. | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.25 तक |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 17.11.25 तक |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.25 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 30.11.25 तक |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 01.12.25 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.25 तक |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 14.10.25 से 25.11.25 |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 26.12.25 तक |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 27.12.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं. | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं. | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं. | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं. | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हज़रत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हज़रत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हज़रत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं. | 14:50 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:35 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 15.10.25 से 02.11.25 |
| 04124 | हज़रत निजामुद्दीन | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | | वीरवार, सोमवार | 16.10.25 से 03.11.25 |
| 09003 | मुम्बई सेन्ट्रल | 10:30 | शकूर बस्ती | 08:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 15.10.25 से 31.10.25 |
| 09004 | शकूर बस्ती | 10:15 | मुम्बई सेन्ट्रल | 10:30 | | | 16.10.25 से 01.11.25 |
| 09425 | साबरमती जं. | 08:50 | हरिद्वार जं. | 05:30 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 15.10.25 से 29.11.25 |
| 09426 | हरिद्वार जं. | 21:40 | साबरमती जं. | 21:30 | | वीरवार, रविवार | 16.10.25 से 30.11.25 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

# डीएम मेघा रूपम से मिला प्रतिनिधिमंडल तिलपता गांव की समस्याओं से कराया अवगत



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुखबीर सिंह आर्य के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी श्रीमती मेघा रूपम से उनके मलकपुर स्थित आवास पर भेंट की।

प्रतिनिधिमंडल में केशव शर्मा, जितेंद्र आर्य सहित कई स्थानीय नागरिक शामिल रहे। इस दौरान तिलपता गांव की स्वास्थ्य, शिक्षा, साफ-सफाई और बिजली आपूर्ति जैसी जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

डीएम मेघा रूपम ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से शीघ्र वार्ता की जाएगी। उन्होंने तिलपता गांव के भारतीय आदर्श इंटर कॉलेज और भारतीय आदर्श वैदिक बालिका कॉलेज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की।

सुखबीर सिंह आर्य ने कहा कि डीएम मेघा रूपम जिले की पहली ऐसी महिला अधिकारी हैं जिन्होंने ग्रेटर नोएडा के मलकपुर स्थित सरकारी आवास को ही अपना स्थायी निवास बनाया है, जिससे क्षेत्रवासियों को सीधा संपर्क और त्वरित प्रशासनिक सहयोग मिलने लगा है।

उन्होंने जिलाधिकारी की संवेदनशीलता, जनसेवा भावना और कार्यकुशलता की सराहना करते हुए कहा कि शासन को ऐसे ही सक्षम अधिकारियों को लंबे समय तक जनपद की कमान सौंपनी चाहिए।

# कूडा चार्ज वसूली का सेक्टर पी-4 वासियों ने किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर पी-4 की समस्याओ को लेकर सेक्टर निवासी एव किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण नागर ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वीएस लक्ष्मी से मुलाक़ात की। इस सम्बन्ध में कृष्ण नागर ने कहा की कुडे उठाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है जिसका सेक्टर में विरोध शुरू हो गया हैं जब से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की स्थापना हुई है तब से आज तक कभी अवैध चार्ज नही लगाया गया। यह सेक्टर वासियों और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है किसी भी कीमत पर इस वसूली को स्वीकार नही किया जायेगा।



इस सम्बन्ध में एसीईओ वी एस लक्षमी ने सम्बंधित अधिकारियों एव ठेकेदारों के साथ बैठकर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया हैं। उन्होंने सेक्टर के अंदर गंदगी एवं पेड़ों की छँटाई एवं पटरियों की घास न काटे जाने को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को फटकार लगायी कहा की दीपावली से पहले हर हाल मे समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर कृष्ण नागर, श्याम चौधरी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को लिखा पत्र




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गौतमबुद्धनगर के द्वारा शिक्षकों की अनेकों समस्याओं के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा, जिसमें मुख्य समस्याएं लगभग 400 अध्यापकों के चयन वेतनमान पत्रावली बीएसए कार्यालय स्तर पर लंबित, अनुपस्थित पाए जाने वाले अध्यापकों हेतु महानिदेशक एवं सचिव आदेशानुसार उनको अनुपस्थित न मानकर उनके अकास्मिक अवकाश अवशेष होने पर आक्समिक अवकाश माना जाएं और उनका उस दिन का वेतन बहाल किया जाए।

उत्तर प्रदेशीय पुलिस भर्ती 30 व 31 अगस्त 2024 में लगाए गए शिक्षकों का मानदेय दिलाया जाए, मकान किराया भत्ता आ श्रेणी का दिलाया जाए, जिन अध्यापकों को एक पद पर 22 वर्ष हो गए उन्हें नियमानुसार प्रोन्नत लाभ प्रदान किया जाए, अवशेष एरियर निर्गत कराए जाएं, एकल विद्यालयों में वापिस होने वाले शिक्षकों को बाध्य न किया जाएं, एकल विद्यालयों वालों के लिए नियमानुसार और शिक्षकों की व्यवस्था की जाए, शिक्षकों के अन्य जनपदों से जीपीएफ उनके जीपीएफ खाते में लाए जाए।

इस प्रतिनिधिमंडल में मेघराज भाटी मंडल अध्यक्ष, अशोक शर्मा जिला संरक्षक, प्रवीन शर्मा जिलाध्यक्ष, जिला मीडिया प्रभारी अरविन्द शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अमर भाटी जिला पदाधिकारी जावेद, दनकौर ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पीलवान, मंत्री रामकुमार शर्मा , ब्लॉक अध्यक्ष दादरी रवि भाटी, उपाध्यक्ष शौकत अली आदि उपस्थित रहे।

# विद्यालय परिसर में बाल मैत्री पूर्ण वातावरण बनाएं : एडवोकेट रवि झा

**मैनपुरी।** बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सेंट थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मैनपुरी में सोमवार को बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर बिनॉय द्वारा दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि सुरक्षा और आत्म-सम्मान से जुड़ी कानूनी जानकारी भी आवश्यक है।

इस अवसर पर कार्यशाला के मुख्य वक्ता एडवोकेट जितेन्द्र यादव (दिल्ली उच्च न्यायालय) एवं एडवोकेट रवि झा (इलाहाबाद उच्च न्यायालय) रहे। दोनों विधि विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को पॉक्सो अधिनियम की गहन जानकारी प्रदान की। एडवोकेट जितेन्द्र यादव ने बताया कि पॉक्सो अधिनियम, 2012 एक विशेष कानून है जो बच्चों को यौन शोषण, उत्पीड़न, अश्लील प्रदर्शन और मानव तस्करी जैसे अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने अधिनियम की प्रमुख धाराओं — धारा 3 (यौन उत्पीड़न की परिभाषा), धारा 7 (लैंगिक उत्पीड़न), धारा 11 (यौन उत्पीड़न के रूप) तथा धारा 19 (सूचना देने की बाध्यता) पर विस्तार से चर्चा की।




वहीं एडवोकेट रवि झा ने पॉक्सो अधिनियम के न्यायिक दृष्टिकोण, जाँच प्रक्रिया, विशेष न्यायालय की भूमिका और पीड़ित बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हर स्कूल और संस्था की कानूनी जिम्मेदारी है कि वे अपने परिसर को बाल-मैत्रीपूर्ण वातावरण बनाएं तथा किसी भी प्रकार की घटना की सूचना तुरंत संबंधित प्राधिकरण को दें। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत अपराध की सूचना छिपाता है, तो उसे भी सज़ा का प्रावधान है। यह अधिनियम बालकों और बालिकाओं दोनों पर समान रूप से लागू होता है।

कार्यशाला के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने सवाल किए —क्या केवल स्कूल परिसर में होने वाली घटनाएं ही पॉक्सो के अंतर्गत आती हैं?, बच्चा यदि डर के कारण रिपोर्ट नहीं कर पाए तो क्या होगा? जैसे महत्वपूर्ण प्रश्न, जिनका विस्तृत उत्तर दोनों अधिवक्ताओं ने उदाहरण सहित दिया।

प्रधानाचार्य फादर बिनॉय ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ न केवल विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाती हैं बल्कि शिक्षकों को भी यह समझने में मदद करती हैं कि बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना कितना आवश्यक है।

कार्यक्रम का संचालन संतोष मिश्रा ने किया गया। कार्यशाला में विद्यालय के सभी शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं अभिभावकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण देने वाले कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना, शिक्षकों और अभिभावकों को उनकी कानूनी जिम्मेदारियों से अवगत कराना, तथा विद्यार्थियों में आत्म-सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। सभी प्रतिभागियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में बाल संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता को बढ़ावा देते हैं।

# पार्क एवं खेल के मैदान को लेकर सौंपा ज्ञापन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नंगला चरण दास गांव के ग्रामीणों ने कल सर्कल 7 वरिष्ठ प्रबंधक को एक ज्ञापन सौंप कर गांव में खेल का मैदान, डिस्पेंसरी, पार्क एवं श्मशान घाट बनवाने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन के पूर्व महानगर अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने यह ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक को सौंपा है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में ही नोएडा प्राधिकरण की कई भी जमीन खाली पड़ी है और इस पर डिस्पेंसरी, बच्चों के खेलने के लिए पार्क तथा श्मशान घाट बनवाया जाए। ग्रामीणों ने कहा कि यह सुविधा हमारे गांव में अभी तक उपलब्ध नहीं है, जिससे हम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने आगे कहा कि इस विषय को लेकर शीघ्र ही हम सभी ग्रामीण एकत्र होकर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी से मिलकर उन्हें भी एक ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से रजनीश शर्मा, सोनू शर्मा, पवन शर्मा, नरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, प्रदीप शर्मा, मोहित शर्मा, गजेन्द्र सिंह आदि लोग रहे।

# नवागत जिला जज का किया स्वागत



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिले के नवागंतुक मा0 जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव व् अपर जिला जज सुनील कुमार से कल डीजीसी सिविल नीरज शर्मा शिष्टाचार भेंट कर बधाई देते हुए सफलतम कार्यकाल हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित की। इस अवसर पर ब्रह्मजीत भाटी (डीजीसी क्राइम), धर्मेंद्र जयंत (एडीजीसी, क्राइम) की भी गरिमामयी मौजूदगी रही।

# 'पंचानन' का भव्य शुभारंभ, एक ही छत के नीचे फैशन के सभी ब्रांड

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के आईथम गैलेरिया मॉल में कल 'पंचानन' (Panchanan) – एक बहु-ब्रांड गारमेंट और एक्सेसरीज़ रिटेल स्टोर का भव्य शुभारंभ हुआ। 17,000 वर्ग फुट में फैला यह स्टोर अपने शानदार डेकोर, विविध ब्रांड्स और उत्कृष्ट ग्राहक अनुभव के लिए चर्चा में है।

इस अवसर पर पंचानन के प्रबंध निदेशक (MD) नवीन गोयल ने कहा 'हमारा लक्ष्य केवल एक स्टोर खोलना नहीं, बल्कि ग्रेटर नोएडा के ग्राहकों को एक ऐसा अनुभव देना है जहाँ फैशन, गुणवत्ता और किफ़ायत एक साथ मिलें। पंचानन में हर वर्ग और हर अवसर के लिए कुछ खास है — पारंपरिक परिधान से लेकर आधुनिक ट्रेंड्स तक। हम चाहते हैं कि हर ग्राहक यहाँ से मुस्कुराहट लेकर जाए।'

पंचानन फिलहाल लॉन्च सीज़न के तहत विशेष ऑफ़र्स और आकर्षक गिफ्ट स्कीम्स भी दे रहा है, जिसमें प्रत्येक ख़रीद पर सुनिश्चित उपहार शामिल हैं।



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

# 15 अक्टूबर को किसान दिवस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उप कृषि निदेशक गौतम बुद्ध नगर राजीव कुमार ने जनपद के समस्त कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए माह के तृतीय बुधवार 15 अक्टूबर 2025 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे विकास भवन स्थित सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा। उप कृषि निदेशक ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि आयोजित होने वाले किसान दिवस में निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर स्वयं उपस्थित होकर किसानों की समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें।

# 30 दिसं. को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन

**एमएलसी चुनाव**

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद, मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम की घोषणा के बाद जिला प्रशासन द्वारा इस पर गंभीरता से काम किया जा रहा है।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर अतुल कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत बीते 30 सितम्बर 2025 को सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया। 15 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को द्वितीय पुर्नप्रकाशन किया जाएगा। फार्म-18 एवं फार्म-19 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06 नवम्बर 2025 (गुरुवार) निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि 20 नवंबर 2025 (गुरुवार) को पांडुलिपियों की तैयारी और आलेख्य निर्वाचन नामावलियों का मुद्रण किया जाएगा। 25 नवम्बर 2025 (मंगलवार) तक निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा तथा 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2025 तक दावे एवं आपत्तियां दाखिल की जा सकेंगी। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण तथा अनुपूरक सूची का प्रकाशन 25 दिसम्बर 2025 (गुरुवार) तक किया जाएगा, जबकि निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 30 दिसम्बर 2025 (मंगलवार) को किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों की तैयारी के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ द्वारा लोक सूचना 30 सितम्बर 2025 को जारी कर दी गई है। इस जनपद में अर्ह नागरिकों से पंजीकरण के संबंध में दावे (फार्म-18 स्नातक के लिए एवं फार्म-19 शिक्षक हेतु) प्राप्त करने के लिए पदनामित अधिकारियों एवं अतिरिक्त पदनामित अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो 30 सितम्बर 2025 से 06 नवम्बर 2025 तक अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर कार्यालय समय के अनुसार उपस्थित रहकर आवेदन प्राप्त करेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि गौतमबुद्धनगर जनपद में नामांकन के लिए निर्धारित मतदान केन्द्रों में—1. श्री अग्रसेन आदर्श इण्टर कॉलेज, दादरी, 2. एन0टी0पी0सी0 विद्युत नगर, दादरी, 3. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर-39 नोएडा, 4. पंचशील बालक इण्टर कॉलेज, सेक्टर-91 नोएडा, 5. बादामी देवी विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, बिसरख, 6. परसन्दी देवी पब्लिक स्कूल, छपरौला, 7. अमीचन्द इण्टर कॉलेज, कासना, 8. आई0आई0टी0 रूड़की नोलेज पार्क-2, ग्रेटर नोएडा, 9. बिहारी लाल इण्टर कॉलेज, दनकौर, 10. राजेन्द्र प्रसाद इण्टर कॉलेज, बिलासपुर, 11. जनता इण्टर कॉलेज, जेवर, 12. इण्टर कॉलेज, रबूपुरा बनाए गए हैं।

पब्लिक जन सामान्य की जानकारी के लिए यह भी अवगत कराना है कि फार्म-18 एवं फार्म-19 निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली में पंजीकरण के लिए अपने संबंधित मतदान केन्द्र अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। मेरठ खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की नामावली में पंजीकरण हेतु आवेदनकर्ता की अर्हता तिथि 01 नवम्बर 2025 से तीन वर्ष पूर्व स्नातक होना अनिवार्य है। फार्म-18 में आवेदन के साथ मार्कशीट/डिग्री की प्रमाणित छायाप्रति तथा सामान्य निवास प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

इसी प्रकार, मेरठ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में पंजीकरण के लिए आवेदनकर्ता को अर्हता तिथि तक पिछले छह वर्षों में से कम-से-कम तीन वर्ष तक शिक्षक के रूप में कार्यरत रहना आवश्यक है। शिक्षकों की पात्रता एवं दस्तावेजों का सत्यापन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा किया जाएगा। निवास के पते से ही निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज किए जाएंगे। साथ ही, फार्म-18 एवं फार्म-19 पर पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो चस्पा करना अनिवार्य होगा।

उन्होंने जनपद गौतमबुद्धनगर के पात्र स्नातक एवं शिक्षकों से अपील है कि वे मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों में अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए 6 नवम्बर 2025 तक आवश्यक अभिलेखों सहित आवेदन अपने संबंधित मतदान केन्द्र पर नियुक्त पदनामित अधिकारी या अतिरिक्त पदनामित अधिकारी को उपलब्ध कराएं तथा इस महत्वपूर्ण पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

## घरेली नौकरानी पर चोरी का आरोप

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख में एक महिला ने अपनी नौकरानी के खिलाफ घर से लैपटॉप, मोबाइल फोन व नगदी चोरी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। गौर सिटी दो स्थित वीवीआइपी होम्स सोसायटी में रहने वाली ऋषिका अरोड़ा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने पिछले कुछ समय पूर्व बक्शी का तालाब लखनऊ निवासी किरण देवी को घरेलू कार्य के लिए काम पर रखा था। 16 सितंबर की शाम को किरण देवी उनके घर काम करने के लिए आई थी। इस दौरान वह किसी कार्य से बाहर चले गए। जब वह वापस लौटे तो घर से लैपटॉप मोबाइल फोन व नगदी गायब थी। उन्होंने इस संबंध में किरण से पूछताछ की तो उसने चोरी करने से साफ इनकार कर दिया। ऋषिका अरोड़ा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में नौकरानी पर चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## लिफ्ट देकर लुट गया बाइक सवार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रास्ते में अनजान व्यक्ति को लिफ्ट देना दो पहिया वाहन चालक को खासा महंगा पड़ा। लिफ्ट लेने वाले व्यक्ति ने रास्ते में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया और बेहोश होने के बाद उसकी बाइक, मोबाइल फोन, नगदी व अन्य सामान को लेकर रफू चक्कर हो गया। पीड़ित ने थाना बिसरख में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम बिसरख जलालपुर में किराए पर रहने वाले प्रवीण कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 6 अक्टूबर की रात्रि को वह एक मूर्ति से अपने घर की तरफ बाइक से आ रहा था। चेरी काउंटी के पास एक व्यक्ति ने हाथ देकर उसकी बाइक को रुकवाया और लिफ्ट देने की मांग की। उसने मानवीय दृष्टि से उसे अपनी बाइक पर बैठा लिया। रास्ते में एक व्यक्ति ने उसे कोल्ड ड्रिंक पीने को दी। कोल्ड ड्रिंक पीते ही उस पर बेहोशी छाने लगी इसके बाद उसे कुछ याद नहीं रहा। अगले दिन सुबह उसे 4:00 बजे होश आया तो उसने खुद को हल्द्वानी रोड के किनारे पड़ा हुआ पाया।

प्रवीण कुमार के मुताबिक लिफ्ट लेने वाला व्यक्ति नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश करने के बाद उसकी बाइक, मोबाइल फोन, जेब में रखे रुपए, आधार कार्ड, पैन कार्ड, तलाक के दस्तावेज को लेकर रफू चक्कर हो गया। उसने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## तमंचे के साथ बदमाश गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख पुलिस ने कार में तमंचा लेकर घूम रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम न्यू हैबतपुर टी पॉइंट गौर सिटी-2 में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि बिना नंबर की स्विफ्ट कार में एक बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने के लिए इरादे से घूम रहा है। इस दौरान पुलिस टीम को बिना नंबर की एक कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने कार को रुकने का इशारा किया लेकिन चालक भाग निकला। पुलिस ने पीछा कर कार को घेर कर चालक को दबोच लिया। कार चालक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में चालक ने अपना नाम विकेश पुत्र रामकिशन निवासी जनपद फिरोजाबाद बताया। विकास ने बताया कि वह हाल में साइन उपवंत सोसाइटी पुराना हैबतपुर में रह रहा है। तमंचे के बारे में पूछने पर उसने बताया कि उसने यह तमंचा सुदामापुरी गाजियाबाद में एक युवक से खरीदा था। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## व्यवसाई से मांगी 50 लाख की रंगदारी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** 50 लाख रुपए की रंगदारी न देने पर जान से मारने का धमकी भरा पत्र मिलने से व्यवसाई व उसका परिवार दहशत के साए में जी रहा है। धमकी से भयभीत व्यवसाई ने थाना कासना में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-93 के ग्रैंड ओमेक्स में रहने वाले चंद्र प्रकाश गोस्वामी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने 12 सितंबर को संदीप सिंह से एक कंपनी खरीदी थी। कंपनी पर उन्होंने अपना पजेशन ले लिया था। 12 अक्टूबर की शाम को कंपनी के गार्ड बबल ने उन्हें फोन कर बताया कि उनके नाम से एक सफेद लिफाफा रखा हुआ है। देर शाम वह अपनी कंपनी पहुंचे और गार्ड बब्बल से लिफाफा लिया। लिफाफा खोलकर देखा तो उसमें अंग्रेजी में पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी लिखी हुई थी। पत्र में लिखा था कि अगर उसने 15 अक्टूबर तक 50 लाख रुपए नहीं दिए तो पूरे परिवार को खत्म कर दिया जाएगा। रंगदारी मांगने की धमकी भरा पत्र मिलने से वह तथा उनके परिवार में भय व्याप्त है। उन्होंने थाना कासना पुलिस से अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए शिकायती पत्र दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कासना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इंडिया-वेस्टइंडीज टेस्ट

# साल 2025 में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट सिराज के नाम, बने नंबर 1

### • जिम्बाब्वे का यह बॉलर रह गया पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज इस साल मैदान पर धूम मचा रहे हैं और वो अब साल 2025 में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर भी बन गए। सिराज ने इस मामले में जिम्बाब्वे के गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबनी को पीछे छोड़ दिया। मोहम्मद सिराज ने ये उपलब्धि वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली के अरुण जेटली मैदान पर दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी के दौरान हासिल किया। सिराज ने शाई होप को आउट किया और वो इस साल टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर्स की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए।

**ब्लेसिंग मुजरबनी से आगे निकले मोहम्मद सिराज-** दिल्ली टेस्ट मैच में सिराज ने खबर लिखे जाने तक दोनों पारियों को मिलाकर कुल 3 विकेट लिए थे। इन 3 विकेट की मदद से वो साल 2025 में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले बॉलर बने और इस साल क्रिकेट के लंबे प्रारूप में उनके विकेटों की संख्या अब 37 हो चुकी है। उन्होंने मुजरबनी को पीछे छोड़ा जिन्होंने इस साल अब तक 36 विकेट लिए हैं।

साल 2025 में सिराज ने अब तक खेले 8 टेस्ट मैचों की 15 पारियों में 37 विकेट लिए हैं जिसमें 5 विकेट हॉल 2 बार जबकि 4 विकेट हॉल भी दो बार लेने का कमाल उन्होंने किया है। इस दौरान एक पारी में उनकी बेस्ट गेंदबाजी 70 रन देकर 6 विकेट रहा है। इसके अलावा दूसरे नंबर पर मौजूद मुजरबनी की बात करें तो उन्होंने 9 मैचों में 36 विकेट लिए हैं जिसमें 3 बार 5 विकेट लेने का कमाल भी उन्होंने किया।




**एक कैलेंडर ईयर में सिराज द्वारा टेस्ट में लिया गया विकेट**

- 2025 में 37 विकेट ( 15 पारी ) ● 2024 में 35 विकेट ( 25 पारी )
- 2021 में 31 विकेट ( 19 पारी ) ● 2023 में 15 विकेट ( 11 पारी )
- 2022 में 10 विकेट ( 8 पारी ) ● 2020 में 5 विकेट ( 2 पारी )

## विराट कोहली आईपीएल 2026 में आरसीबी का साथ छोड़ देंगे?

### आकाश चोपड़ा ने समझाया पूरा समीकरण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली के आईपीएल करियर को लेकर तमाम अटकलें लगाई जा रही हैं. कोहली आईपीएल के पहले सीजन से ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) का हिस्सा रहे हैं. आईपीएल 2026 से पहले चर्चा जोरों पर है की विराट कोहली आरसीबी का साथ छोड़ देंगे. कोहली ने पिछले सीजन में अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था, जिससे 18 साल का इंतजार खत्म हुआ था. हालांकि, यह माना जा रहा है कि 36 वर्षीय खिलाड़ी ने नए सीजन से पहले फ्रेंचाइजी के साथ एक वाणिज्यिक अनुबंध को ठुकरा दिया था.

### क्या आरसीबी का साथ छोड़ेंगे कोहली

कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने आरसीबी प्रशंसकों को आश्वासन दिया कि उनका स्टार खिलाड़ी टीम नहीं छोड़ेगा. विराट ने अपना पूरा करियर आरसीबी के साथ बिताया है और वह इस फ्रेंचाइजी के पर्याय बन चुके हैं. पूर्व भारतीय कप्तान ने अक्सर यह इच्छा जताई है कि वह अपना करियर बेंगलुरु आधारित टीम के साथ ही समाप्त करना चाहते हैं. आकाश चोपड़ा ने कहा, उन्होंने कथित तौर पर एक वाणिज्यिक अनुबंध को ठुकराया है, लेकिन इसका क्या मतलब है? वह निश्चित रूप से आरसीबी के लिए खेलेंगे. अगर वह खेल रहे हैं, तो वह निश्चित रूप से इसी फ्रेंचाइजी के लिए मैदान में उतरेंगे. आकाश चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने अभी-अभी ट्रॉफी जीती है.

## 14 साल के वैभव सूर्यवंशी बिहार रणजी टीम के उपकप्तान:शुरुआती दो राउंड के लिए टीम का ऐलान

### सकीबुल गनी कप्तानी करेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैभव सूर्यवंशी को 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के लिए बिहार टीम का उपकप्तान बनाया गया है। टीम की कप्तानी बल्लेबाज सकीबुल गनी करेंगे।




अगले साल की शुरुआत में अंडर-19 वर्ल्ड कप होना है। ऐसे में वैभव का पूरे सीजन खेलना मुश्किल है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 के पहले दो राउंड के लिए टीम जारी की है। बिहार 15 अक्टूबर को अपने पहले मैच में अरुणाचल प्रदेश से भिड़ेगा। इसके बाद 25 अक्टूबर को उसका सामना मणिपुर से होगा।

**इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में जड़े शतक-** 14 साल के वैभव ने भारत की अंडर-19 टीम के लिए खेलते हुए इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में शतक जड़े हैं। वैभव ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इंडिया अंडर-19 टीम के लिए खेलते हुए ब्रिस्बेन में पहले यूथ टेस्ट में 78 गेंदों पर शतक लगाया। ऑस्ट्रेलिया में हुई मल्टी-डे सीरीज में वह दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने तीन पारियों में कुल 133 रन बनाए। भारत ने यह सीरीज 2-0 से जीती। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यूथ वनडे में तीन मैचों में 124 रन बनाए। इसमें एक 68 गेंदों में 70 रन की पारी भी शामिल थी। इससे पहले, इंग्लैंड के खिलाफ 5 यूथ वनडे मैचों में उन्होंने 174.02 के स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए थे।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो, लियोनेल मेसी और मोड्रिच की अधूरी कहानी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्राजील के दो बार के विश्व कप विजेता डिफेंडर निल्टन सैंटोस की शक्ल किसी फिल्म स्टार जैसी थी- लंबे, चौड़े कंधे, नुकीली मूंछें और अटूट आत्मविश्वास। उन्होंने फुल-बैक की परंपरागत भूमिका को नया आयाम दिया था, लेकिन वह इसलिए ज्यादा याद किए जाते हैं क्योंकि उन्होंने टीम के कुछ साथियों के साथ कोच विसेंटे फिओला के कमरे में जाकर एक झेंपे हुए से, टेढ़े पैरों वाले विंगर गैरिंचा को टीम में शामिल करने की मांग की थी। नतीजा- गैरिंचा को मौका मिला और कुछ ही हफ्तों बाद ब्राजील ने 1958 में अपना पहला विश्व कप जीत लिया। चार साल बाद जब ब्राजील ने अपना खिताब बचाया, तब सैंटोस टीम के फिर स्तंभ बने रहे। उस वक्त उनकी उम्र 38 साल के करीब थी। आज भी वह सबसे उम्रदराज आउटफील्ड खिलाड़ी हैं जिन्होंने विश्व कप ट्रॉफी उठाई। अब मौजूदा दौर के तीन दिग्गज- क्रिस्टियानो रोनाल्डो, लियोनेल मेसी और लुका मोड्रिच- इस रिकॉर्ड को तोड़ने की ओर देख सकते हैं। शायद सैंटोस का नाम उनके जेहन में न हो, लेकिन आंकड़ों के दीवाने रोनाल्डो को जरूर पता होगा।

### लियोनेल मेसीः सब जीत चुके, लेकिन दोबारा की चाहत



दूसरी तरफ क्रिस्टियानो रोनाल्डो के परम प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेसी हैं। लियोनेल मेसी ने अपने फैंस का दिल तोड़ दिया जब कहा कि वह अब किसी अंतरराष्ट्रीय फ्रेंडली में नहीं खेलेंगे। लियोनेल मेसी ने कहा, 'जब मैं अच्छा महसूस करता हूं, तो मैदान पर रहकर मजा आता है। जब नहीं, तो पीड़ा होती है और मैं खुद से ईमानदार रहना चाहता हूं।' लियोनेल मेसी विश्व कप जीतने का अपना सपना जी चुके हैं, लेकिन दोबारा उसका स्वाद चखने की चाह अब भी बाकी है। पूरी दुनिया, खासकर अमेरिका, चाहेगा कि वह 2026 में उतरें, क्योंकि उनके आने से टूर्नामेंट को अभूतपूर्व चमक मिलेगी।

**लुका मोड्रिच : थकान से परे, समय से आगे-** क्रोएशिया की बात करें, तो लुका मोड्रिच की मिडफील्ड में इतनी गहराई नहीं जितनी अर्जेंटीना या पुर्तगाल की, लेकिन वह अब भी टीम की आत्मा हैं। यूरो 2024 और रियल मैड्रिड से लुका मोड्रिच की विदाई के बाद उनकी रिटायरमेंट की बातें तेज हुई थीं, लेकिन उन्होंने साफ कहा, 'मेरा लक्ष्य अगला विश्व कप खेलना है, लेकिन पहले हमें क्वालिफाई करना होगा।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डोः अधूरी विरासत का बोझ

रोनाल्डो को नंबरों से लगाव किसी जुनून से कम नहीं। रिपोर्टर की जरा-सी गलती भी वह सुधार देते हैं। सऊदी प्रो लीग में किसी गोल को बारीक ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिया जाए तो रेफरी से भिड़ पड़ते हैं। जब आयरलैंड के गोलकीपर ने उनके 950वें गोल को बचा लिया तो उन्होंने गुस्से में जमीन पर पैर मारा था।

# जिद ने दिलाया खिताब

### कोको गॉफ ने पेगुला को हराकर जीता वुहान ओपन फाइनल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने रविवार को अपने हमवतन जेसिका पेगुला को 6-4, 7-5 से हराकर वुहान ओपन 2025 का खिताब अपने नाम किया। 21 वर्षीय गॉफ ने इस टूर्नामेंट में बिना एक भी सेट गंवाए खिताब जीता और ओपन एरा में ऐसी पहली खिलाड़ी बनीं, जिन्होंने अपने शुरुआती 9 हार्ड कोर्ट फाइनल लगातार जीते। गॉफ ने मैच के बाद बताया कि उनकी जिद ने उन्हें जीत दिलाई, मेरे कोच चाहते थे कि मैं यूएस ओपन के बाद आराम करूं, लेकिन मैं जिद्दी हूं और मैंने उन्हें गलत साबित कर दिया! कोको ने कहा कि चीन आकर खेलने का उनका फैसला सही साबित हुआ, यह एशियन स्विंग शानदार रहा। बीजिंग में सेमीफाइनल तक पहुंची और अब यहां खिताब जीतना वाकई खास है। गॉफ और पेगुला कभी डबल्स पार्टनर रह चुकी हैं। इस ऑल-अमेरिकन फाइनल में गॉफ ने कई बार पिछड़ने के बावजूद वापसी की। उन्होंने लगातार 10 अंक जीतकर मुकाबले को अपने नाम किया। पेगुला ने भी गॉफ की तारीफ करते हुए कहा, कोको के साथ फाइनल खेलना शानदार अनुभव रहा। वह जबरदस्त फाइटर हैं। 31 वर्षीय पेगुला ने हाल के हफ्तों में बीजिंग और वुहान दोनों जगह शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि एशियाई टूर की गर्मी और थकान के बावजूद यह उनका सबसे अच्छा फॉर्म रहा है। गॉफ ने अब तक अपने करियर का तीसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता है और उनकी फॉर्म आने वाले सीजन के लिए इंगित करती है कि वह अभी लंबी दौड़ में हैं।

## चेन स्नैचिंग करके पूरा करता था अपने शौक

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** थाना इन्दिरापुरम क्षेत्र में स्नैचिंग व लूट की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। पुलिस चैकिंग के दौरान एक स्नैचर से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगी है। मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया बदमाश अपने शौक पूरे करने के लिए स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देता था।

देर रात्रि थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा 5/6 की पुलिया पर चैंकिंग की जा रही थी तभी कनावनी पुलिया की ओर से एक मोटर साइकिल पर सवार व्यक्ति को आता हुआ। पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया लेकिन मोटर साइकिल सवार व्यक्ति नही रुका तथा मोटर साइकिल को तेजी से मोड़कर कनावनी पुलिया की तरफ जाने वाले रोड की तरफ भागने लगे। पुलिस द्वारा पीछा करने पर पुलिस से बचकर भागने की जल्दी व हडबडाहट में मोटर साइकिल फिसलकर रोड़ पर गिर गई। पुलिस से अपने आपको घिरा देखकर बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की। जवाबी कार्यवाही में पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान पारस उर्फ सोनू पुत्र राम अवतार निवासी म0नं0-178 गली नं0-3 कच्ची कालोनी मौजपुर थाना शाहदरा दिल्ली उम्र करीब 28 वर्ष के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 1 तमंचा, 1 खोखा कारतूस 1 जिन्दा कारतूस व घटना में प्रयुक्त 1 मोटर साइकिल बरामद हुई है। पूछताछ में गिरफ्तार पारस ने बताया कि वह गाजियाबाद, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में राह चलते लोगों से चेन लूटकर दिल्ली में सस्ते दामों में बेचकर पैसे कमा लेता है और उन पैसों को अपने शौक मौज में खर्च कर देता है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**पत्नी का पहले...**

सहलावत (40 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के समय दंपत्ति की 11 साल की बेटी भी घर में थी। गाजियाबाद पुलिस फरार पति की तलाश कर रही है।

**बकायेदार ग्रुप हाउसिंग...**

इन बिल्डरों ने 528.13 करोड़ जमा कराए। छह बिल्डर ऐसे है जिन्होंने पूरा जमा करा दिया। 13 ऐसे है जिन्होंने 25 प्रतिशत के सापेक्ष आंशिक धनराशि करीब 28.60 करोड़ जमा कराई।

इन पैसों से करीब 5758 फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री हो सकती है। जिसमें से अब तक 3724 फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री हो गई है। बोर्ड ने निर्णय लिया कि ऐसे 10 बिल्डर परियोजनाएं जिनकी की ओर से सहमति के बाद भी बकाया नहीं दिया गया। 13 ने आंशिक पैसा जमा किया। वहीं 35 जिन्होंने 25 प्रतिशत के अलावा पैसा जमा नहीं किया गया।

जबकि इन 35 को और पैसा जमा करने के लिए प्राधिकरण की ओर से नोटिस और समय दोनों दिया गया। प्राधिकरण की बोर्ड इसे शासनादेश के प्रतिकूल मानती है। साथ ही निर्णय लिया गया कि शासनादेश के तहत दिए जाने वाले लाभ की तारीख आगे नहीं बढ़ाई जाएगी और बकायदारों की वसूली प्राधिकरण नियम से होगी।

**दो लोगों से...**

बाइक सवार बदमाशों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और बदमाशों की पहचान का प्रयास कर रही है।

**पत्नी ने फोन कर बुलाये...**

मां- भाभी ने उसे बचाने का प्रयास किया तो सभी ने मिलकर उनके साथ भी मारपीट की। मारपीट के बाद उसकी पत्नी घर की अलमारी से सामान से भरे दो बैग, ज्वेलरी,नगदी, कपड़े तथा शादी में मिली वेन्यू कार को भी अपने साथ लेकर चली गई। मारपीट में उसे तथा उसके परिजनों को काफी चोटें आई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## व्यापारियों पर एक तरफा कार्रवाई से बाज आएं जीएसटी अधिकारी : विकास जैन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एक और प्रदेश सरकार व्यापारियों और अनावश्यक कार्रवाई करने के लिए मना कर रही है वहीं दूसरी ओर जीएसटी विभाग टैक्स वसूलने के लिए व्यापारियों के वाहनों की कुर्की कर रहे हैं द्य

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि अधिकारियों को व्यापारियों पर बकाया दिखाई दे रहा है मगर हमेशा एक पक्ष कार्रवाई होती है, व्यापारियों को भी अपनी बात रखने का मौक़ा दिया जाना चाहिए अन्यथा इस अर्थव्यवस्था का विकास होना बहुत ही मुश्किल है

विकास जैन ने कहा कि प्रदेश के नौकरशाह अपना नंबर बढ़ाने के लिए मौखिक आदेश देकर अधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं कि वो व्यापारियों पर





अनावश्यक कार्रवाई करे और उन्हें प्रताड़ित करें।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ़ तौर पर मीडिया के समक्ष कहा है कि इन त्योहारों के सीज़न में किसी भी प्रकार से व्यापारियों को प्रताड़ित न करें अनावश्यक कार्रवाई न करें। परंतु प्रदेश सरकार के नौकरशाह को किसी भी बात का कोई फर्क नहीं पड़ता उन्हें सिर्फ़ और सिर्फ़ राजस्व बढ़ाने के लिए अधिकारियों पर दबाव बनाने से मतलब है।

प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने कहा कि यदि इसी प्रकार अधिकारी नौकरशाहों के दबाव में काम करेंगे तो व्यापारी सड़कों पर होंगे और मौजूदा सरकार के ख़िलाफ़ प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।


## पोंजी स्कीम के झांसे में फंसाकर लाखों की ठगी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** डेढ़ साल में पैसे डबल करने का झांसा देकर जालसाजों ने एक व्यक्ति से 15 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित ने जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी थी। थाना फेस-1 में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।

ग्राम सलारपुर जनपद हापुड़ निवासी सुमित कुमार ने न्यायालय में दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि नोएडा के सेक्टर-10 में निफ़टेक ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी चलाने वाले सुदेश कुमार उर्फ टिल्लू से उसका परिचय था। सुदेश कुमार पोंजी स्कीम चलाता था और शेयर बाजार में पैसा लगता था। सुदेश कुमार ने उसे 18 माह में पैसे डबल करने का झांसा दिया। सुदेश के कहने पर उसने चेक के माध्यम से 15 लाख निवेश के लिए दे दिए। कुछ समय बाद पता चला कि सुदेश व उसके साथ ही कपिल सिंह, संजीव, धर्मपाल, अशोक, सुषमा आदि पोंजी स्कीम चलाने के नाम पर लोगों के साथ धोखाधड़ी करते हैं। इन लोगों ने सैकड़ो लोगों को लुभावने ऑफर देकर तथा फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनके करोड़ों रुपए हड़प लिए हैं। यह जानकारी मिलने पर उसने सुदेश व उसके अन्य साथियों से अपने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने गाली-गलौज कर उसके साथ मारपीट की और रुपए लौटाने से साफ इंकार कर दिया। आरोपियों ने धमकी दी कि उनके खिलाफ पहले भी कई मुकदमे चल रहे हैं।

पीड़ित के मुताबिक आरोपी आपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं उसने उनके खिलाफ थाना फेस वन में शिकायत की लेकिन उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। न्यायालय ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करने के बाद थाना फेस-1 पुलिस को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के निर्देश दिए। न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# दीपावली 20 अक्टूबर को: पूजा में खंडित दीपक का नहीं करना चाहिए इस्तेमाल



अभी कार्तिक मास चल रहा है और इस महीने में रोज दीपदान करने की परंपरा है। इसी महीनों में दीपों का पर्व दीपावली (20 अक्टूबर) भी मनाया जाता है। मान्यता है कि दीपक की रोशनी देवी-देवताओं को बहुत प्रिय है। दीपक रोशनी सकारात्मकता की प्रतीक है।

**खंडित दीपक का इस्तेमाल न करें**

पूजा-पाठ के लिए वस्तु का पूर्ण और अखंडित होना जरूरी है। दीपावली पर मिट्टी के दीपक जलाने की परंपरा है। मिट्टी के दीपक बहुत ही आसानी से खंडित हो जाते हैं। ध्यान रखें पूजा-पाठ में टूटा या खंडित दीपक नहीं जलाना चाहिए। खंडित वस्तुओं का उपयोग करना अशुभ माना जाता है और इससे पूजा का पूरा फल प्राप्त नहीं होता। खंडित चीजों की वजह से पूजा करते समय एकाग्रता टूट सकती है और हमारा ध्यान भगवान से हटकर टूटी चीजों पर चला जाता है।

**पवित्रता और सकारात्मकता बढ़ाता है दीपक**

दीपक अज्ञान के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाने का संदेश देता है। जब हम दीप जलाते हैं तो न केवल घर का अंधकार मिटता है, बल्कि हमारे मन-मस्तिष्क में भी एक सकारात्मक ऊर्जा और पवित्र भावों का संचार होता है। यही कारण है कि दीपक को शुभता, समृद्धि, पवित्रता और मंगलता का प्रतीक माना गया है।

**दीपक के लिए गाय के दूध से बने घी का करें इस्तेमाल**

पूजा में घी का दीपक जलाना चाहिए। खासकर गाय के दूध से बना हुआ घी श्रेष्ठ होता है। धार्मिक दृष्टि से गाय का घी पंचामृत में से एक है। गाय के घी का दीपक जलाने से वातावरण में मौजूद



सूक्ष्म कीटाणु नष्ट होते हैं और घर का वातावरण शुद्ध, पवित्र, सकारात्मक बनता है। जब अग्नि में घी जलता है तो वह वातावरण में फैलकर हवा को शुद्ध करता है और नकारात्मकता को दूर करता है।

**दीपक जलाने की दिशा और विधि**

पूजा करते समय दीपक रखने की दिशा भी महत्व रखती है। मान्यता है कि देवी-देवताओं की पूजा में घी का दीपक हमारे बाएं हाथ की ओर और तेल का दीपक दाएं हाथ की ओर रखना चाहिए। इससे ऊर्जा का संतुलन बना रहता है और पूजा का संपूर्ण फल मिलता है।

साथ ही ये भी ध्यान रखना चाहिए कि पूजा के दौरान दीपक बुझना नहीं चाहिए। अगर दीपक बुझ जाए तो इसे अपशकुन माना जाता है, इसलिए दीपक जलाने से पहले ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि दीपक पूजा में पूरे समय जलता रहे। अगर दीपक अचानक बुझ जाता है तो भगवान से क्षमा याचना करके फिर से जलाना चाहिए।

**दीपक जलाने के लिए सामान्यतः** सफेद रुई की बत्ती का प्रयोग करना चाहिए। रुई नहीं होने की स्थिति में लाल धागे की बत्ती बनाकर भी दीपक जलाया जा सकता है। लाल रंग को मंगल और शक्ति का प्रतीक माना जाता है, अतः इसका प्रयोग भी शुभ होता है।

# अहोई अष्टमी व्रत में माताएं इन नियमों का अवश्य करें पालन




अहोई माता की पूजा कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को की जाती है। यह व्रत मुख्यतः संतान की रक्षा, दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए किया जाता है। चूंकि यह व्रत संतान की लंबी आयु और उन्नति के लिए किया जाता है इसलिए इस व्रत में शुद्धता, पवित्रता और नियमों का खास ध्यान रखा जाता है।

**अहोई अष्टमी**

**अष्टमी तिथि का प्रारंभ – 13 अक्टूबर, दोपहर 12 बजकर 26 मिनट से**

**अष्टमी तिथि का समापन – 14 अक्टूबर, सुबह 11 बजकर 11 मिनट से**

**अहोई अष्टमी पूजा मुहूर्त – शाम 5 बजकर 53 मिनट से शाम 7 बजकर 8 मिनट तक**

**तारों को देखने का समय – शाम 6 बजकर 17 मिनट**

**अहोई अष्टमी के दिन चंद्रोदय समय – रात 11 बजकर 18 मिनट**

**अहोई अष्टमी व्रत के नियम**

अहोई अष्टमी की पूजा के लिए खरीदे गए सामान को हमेशा साफ जगह पर रखें और एक बार गंगाजल का छिड़काव करें।

अहोई अष्टमी का व्रत निर्जला रखा जाता है इसलिए मन में शांति और पवित्रता का ध्यान रखें। कुछ जगहों पर माताएं निर्जला व्रत नहीं करती हैं।

अहोई माता की पूजा में 8 पूड़ी, 8 मालपुआ, दूध व चावल का भोग लगाएं।

अहोई माता की पूजा के बाद सास को भेंट स्वरूप कुछ दें और उनका आशीर्वाद अवश्य लें।

दीवार या पूजा स्थान पर अहोई माता का चित्र बनाया या लगाया जाता है। उनके साथ सिंह (शेर), सूतक (सुई या छेद का प्रतीक), सात पुत्र और सात बहुएं चित्रित की जाती हैं।

अहोई अष्टमी की पूजा में चांदी या तांबे के कलश का प्रयोग करना उत्तम माना जाता है।

अहोई अष्टमी के दिन क्या ना करें

अहोई अष्टमी के दिन चाकू, सुई, कैंची जैसी नुकीली या धारदार वस्तु का उपयोग करना वर्जित माना जाता है।

अहोई अष्टमी के दिन जमीन खोदना अच्छा नहीं माना जाता है। इस दिन मिट्टी से जुड़े कोई भी कार्य ना करें।

अहोई अष्टमी के दिन मन में ईश्वर का जप करें और आलस्य को दूर रखें।

अहोई अष्टमी के दिन बाल या नाखून काटना वर्जित बताया गया है। साथ ही झूठ बोलने और क्रोध करने से बचें।

# केला और शमी का पौधा लगाते समय भूलकर भी न करें ये गलती

शमी का पौधा धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद शुभ माना जाता है। इसे शनि देव का प्रिय पौधा कहा गया है। शास्त्रों के अनुसार, शमी का पौधा घर में स्थिरता, सौभाग्य और धन-संपत्ति लाता है। लेकिन वास्तु के अनुसार, इसे घर के भीतर या



बेडरूम में नहीं रखना चाहिए। ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा बढ़ सकती है और पारिवारिक तनाव का माहौल बन सकता है। शमी का पौधा लगाने की दिशा बहुत मायने रखती है। इसे कभी भी उत्तर दिशा में नहीं लगाना चाहिए, क्योंकि इससे धन हानि और आर्थिक परेशानियां बढ़ने की आशंका रहती है।

शमी लगाने के लिए दक्षिण दिशा सबसे शुभ मानी जाती है। शनिवार के दिन सूर्यास्त के बाद शमी का पौधा लगाना और "ॐ शं शनैश्चराय नमः" मंत्र का जाप करना बेहद फलदायी माना जाता है।

केले के पेड़ की बात करें तो शास्त्रों में इसे भगवान विष्णु का प्रिय माना गया है। मगर वास्तु शास्त्र के अनुसार, केले का पौधा मुख्य द्वार के सामने या छत पर नहीं लगाना चाहिए। ऐसा करने से परिवार में कलह और आर्थिक संकट का खतरा बढ़ता है। केले का पेड़ हमेशा घर के पीछे या पूर्व-उत्तर दिशा में लगाना शुभ होता है, जिससे सुख और समृद्धि बनी रहती है।

अगर आप केले का पौधा लगा रहे हैं, तो ध्यान रखें कि इसे कभी भी गुलाब या किसी कांटेदार पौधे के पास न लगाएं। कांटेदार पौधे नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं जिससे केले के पौधे का शुभ प्रभाव कम हो जाता है। सही दिशा, दिन और पूजा विधि के साथ केले व शमी के पौधे लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा, धन और सौभाग्य का वास होता है।



# दिवाली पर इन वास्तु नियमों का रखें खास ध्यान, घर में आएंगी खुशियां

दीवाली का पर्व सिर्फ दीप जलाने और मिठाइयों का स्वाद लेने तक सीमित नहीं है बल्कि इस अवसर पर घर की सफाई और सजावट का भी खास महत्व है। मान्यता है कि साफ सुथरे और सकारात्मक माहौल वाले घर में मां लक्ष्मी का वास होता है।



वास्तु शास्त्र के अनुसार सफाई और सजावट के दौरान लोग कई बार ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जो पूरे साल बरकत और समृद्धि की राह में बाधा बन जाती हैं। वास्तु नियमों का पालन कर लिया जाए, तो घर में सुख शांति और धन-धान्य की वृद्धि हो सकती है।

उन्होंने बताया कि दीवार पर टंगी बंद घड़ियां या अलमारी में रखी खराब घड़ियां घर की प्रगति को रोक सकती हैं। वास्तु शास्त्र में इन्हें समय के ठहराव का प्रतीक माना गया है। दीवाली से पहले ऐसी घड़ियों को या तो ठीक करा लें या घर से हटा दें। ऐसा करने से जीवन में रुकावटें दूर होती हैं और समय के साथ सफलता मिलने का मार्ग प्रशस्त होता है।




हीं कई घरों में मंदिर या शोपीस के रूप में देवी-देवताओं की टूटी या खंडित मूर्तियां रखी रह जाती हैं। वास्तु के अनुसार यह बेहद अशुभ माना जाता है। इन मूर्तियों को सम्मानपूर्वक किसी तालाब या नदी में विसर्जित कर देना चाहिए। टूटी मूर्तियां सौभाग्य में बाधा डालती हैं और घर की शांति भंग कर सकती हैं।

त्योहार की सफाई के समय अक्सर लोग छत या बालकनी पर टूटे फूटे सामान और कबाड़ इकट्ठा कर देते हैं। वास्तु विज्ञान के अनुसार ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवेश करती है। इसका सीधा असर घर की आर्थिक स्थिति और परिवार की सेहत पर पड़ सकता है, इसलिए कबाड़ या बेकार सामान को समय रहते हटा देना जरूरी है।

वास्तु शास्त्र में केवल सफाई ही नहीं बल्कि उसके सही समय का भी उल्लेख मिलता है। कहा गया है कि सूर्यास्त के समय और ब्रह्म मुहूर्त में झाड़ू लगाना शुभ नहीं माना जाता। मान्यता है कि इन समयों पर सफाई करने से मां लक्ष्मी की कृपा कम हो सकती है, इसलिए दीवाली की साफ-सफाई करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

पंडित संतोष मिश्रा ने बताया कि घर में पड़ा टूटा हुआ शीशा न केवल वास्तु दोष बढ़ाता है बल्कि मानसिक तनाव और पारिवारिक क्लेश का कारण भी बनता है। इसी तरह पुराने मोबाइल, लैपटॉप या खराब इलेक्ट्रॉनिक सामान भी घर की सकारात्मक ऊर्जा को रोकते हैं। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि दीवाली पर इन वस्तुओं को घर से निकाल देना चाहिए।



धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, मां लक्ष्मी सिर्फ साफ-सुथरे घर में ही निवास करती हैं। यदि घर में गंदगी और अव्यवस्था है, तो आर्थिक समस्याएं बढ़ सकती हैं, इसलिए दीवाली की तैयारी करते समय वास्तु शास्त्र के नियमों का पालन करते हुए सफाई और सजावट करें। इसी से आपके घर में सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग होगा।

# दिवाली से पहले सूर्य का राशि परिवर्तन

हिंदू धर्म में ग्रहों के हिसाब से राशि की गणना की जाती है। जब किसी ग्रह का राशि परिवर्तन होता है, तो शुभ और अशुभ परिणाम दोनों देता है। ग्रंथों में सूर्य ग्रह को ग्रहों का राजा कहा जाता है। दिवाली के पहले यही ग्रहों के राजा सूर्य ग्रह कन्या राशि से तुला राशि में गोचर करने वाले हैं। इससे कई राशि के जीवन मे उतार-चढ़ाव की स्थिति देखने को मिलेगी। वैदिक ज्योतिष अनुसार इस साल धनतेरस का त्योहार 18 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इससे एक दिन पहले 17 अक्टूबर को ग्रहों के राजा सूर्य की चाल में बदलाव होने जा रहा है।

**इन राशियों को मिलेगा अशुभ परिणाम**

**मेष** – इस राशि वाले जातकों के लिए सूर्य का राशि परिवर्तन सप्तम भाव में गोचर करेगा, जो विवाह, साझेदारी और जनसंपर्क से संबंधित है। इस राशि वाले जातक को सेहत से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। खर्च की अधिकता रहेगी। कारोबार में थोड़ी सतर्कता बरतने की जरूरत है, क्योंकि आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन** – इस राशि के जातक के लिए, सूर्य मिथुन राशि पंचम भाव में गोचर कर रहा है, जो बुद्धि, संतान, शिक्षा और प्रेम से संबंधित है। उन्हें वाहन प्रयोग में सावधानी बरतनी चाहिए। संपत्ति से जुड़ा विवाद सामने आ सकता है। सेहत को लेकर सतर्क रहें। जीवन में प्रतिकूल परिणामों का सामना



करना पड़ सकता है। धन संचय में दिक्कतें आ सकती हैं।

**मकर** – इस राशि वाले जातक को सूर्य का राशि परिवर्तन करना बेहद अशुभ परिणाम देखने को मिलेगा। उन्हें वाहन और स्वास्थ्य पर धन खर्च करना पड़ सकता है। माता-पिता के साथ रिश्ते बिगड़ सकते हैं। किसी भी नए काम की शुरुआत करना चाहते हैं, तो कुछ समय के लिए टाल दें। भावुकता में आकर कोई फैसला न लें। रिश्तों में अनबन हो सकती है।

**सूर्य को प्रसन्न करने के उपाय**

सूर्य देव को प्रसन्न करने के लिए नियमित रूप से उनकी पूजा करें और उन्हें जल अर्पित करें। रविवार के दिन व्रत रखें। अपने पिता और अन्य वरिष्ठजनों का सम्मान करें। गुस्से पर नियंत्रण रखें और वाणी को मधुर रखें। गरीबों और जरूरतमंदों को दान करें।

**हम अनंत संभावनाओं के स्वामी हैं, हमारे भीतर विचार, संकल्प और ज्ञान की शक्तियां छिपी हैं**

जीवन में कुछ भी असंभव नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से ही शक्ति, विद्या और ऊर्जा मिली हुई है। मनुष्य अनंत संभावनाओं का स्वामी है। उसके भीतर विचार, संकल्प और ज्ञान के रूप में एक अपार शक्ति छिपी है। यदि वह शुभ चिंतन करे और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़े, तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं रहता। सकारात्मक सोच और मजबूत इच्छाशक्ति से हर चुनौती पार किया जा सकता है।



फेस्टिव सीज़न में क्या पहनना है?

# राशि खन्ना हैं आपकी परफेक्ट स्टाइल गाइड!

त्योहारों का मौसम शुरू होते ही सबकी नज़रें पैन-इंडिया स्टार राशि खन्ना पर टिकी हैं, जिनका बेमिसाल एथनिक वॉर्डरोब स्टाइल इंस्पिरेशन से कम नहीं। हवादार कुर्ता सेट से लेकर शाही साड़ियों और खूबसूरत लहंगों तक, राशि हमें दिखाती हैं कि कैसे पारंपरिक फैशन को ग्रेस, ग्लैमर और मॉडर्न ट्विस्ट के साथ अपनाया जा सकता है। यहाँ हैं उनके कुछ सबसे खूबसूरत फेस्टिव लुक्स, जो आपके अपने फेस्टिव स्टाइल गेम को एक नया आयाम देंगे। गुलाबी रंग में सुंदर- वाइब्रेंट कुर्ता चिक राशि ने इस लुक में सादगी और शान का परफेक्ट मेल पेश करती हैं – फ्यूशिया पिंक कुर्ता सेट, जिस पर नाजुक कढ़ाई की गई है। ट्रेडिशनल जुत्तियों और स्टेटमेंट इयररिंग्स के साथ यह लुक उतना ही सहज है जितना कि एलीगेंट। परिवारिक समारोहों, पूजा या छोटे फेस्टिव गेट-टुगेदर्स के लिए यह एकदम परफेक्ट चॉइस है। राशि का यह मस्टर्ड कुर्ता लुक सादगी और एलिगेंस का एक बेहतरीन उदाहरण है। सफेद धागों की कढ़ाई और पारंपरिक चूड़ियाँ इसमें एक नर्म आकर्षण जोड़ती हैं, जो दिन के उत्सवों या कैजुअल फेस्टिव इवेंट्स के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है।

### ➢ साड़ी ग्लैमरः आइवरी एलिगेंस

जो लोग सदाबहार पारंपरिक लुक को पसंद करते हैं, उनके लिए राशि की आइवरी सिल्क साड़ी और कंट्रास्टिंग पिंक ब्लाउज़ एकदम परफेक्ट हैं। गजरे से सजा जूड़ा, स्टेटमेंट ज्वेलरी और मिनिमल मेकअप पुराने ज़माने की खूबसूरती का एहसास देते हैं – फेस्टिव डिनर या सांस्कृतिक समारोहों के लिए यह एक क्लासिक चॉइस है।

### ➢ रीगल रेडियंसः ऑलिव-गोल्ड साड़ी स्टेटमेंट


राशि की तरह बोल्ड और सोफिस्टिकेटेड स्टेटमेंट दें इस डैज़लिंग ऑलिव-गोल्ड साड़ी में, जिसे उन्होंने डीप-कट एम्बेलिश्ड ब्लाउज़ के साथ पेयर किया है। यह लुक पारंपरिक कारीगरी और मॉडर्न स्टाइल का शानदार संगम है – भव्य पारिवारिक आयोजनों या फेस्टिव पार्टियों के लिए एकदम उपयुक्त है।

### ➢ फेस्टिव ड्रीमः ग्रीन और पिंक लहंगा लव

जब फेस्टिव मूड अपने चरम पर हो और आप कुछ नया ट्राय करने का मन हो, तो राशि का यह ग्रीन और पिंक लहंगा तोरानी डिज़ाइनर का सबसे ख़ास त्यौहारी आकर्षण है जो किसी शोस्टॉपर से कम नहीं। बारीक डिटेलिंग, रिच कलर्स और पारंपरिक ज्वेलरी के साथ यह लुक शादियों, रिसेप्शन या दीवाली पार्टीज़ के लिए परफेक्ट है।

# सोनू सूद फिर जरूरतमंद परिवार की मदद के लिए आगे आए

**अपनी** अटूट करुणा और संवेदनशीलता की एक और दिल छू लेने वाली मिसाल पेश करते हुए अभिनेता और समाजसेवी सोनू सूद एक बार फिर एक ज़रूरतमंद परिवार की मदद के लिए आगे आए। एक सोशल मीडिया यूजर ने उन्हें एक मैसेज भेजा, जिसमें याद दिलाया गया कि सोनू सूद पंजाब की बाढ़ के समय इसी परिवार से मिले थे। संदेश में लिखा था –सोनू सूद भाई, आप इस परिवार से पंजाब बाढ़ के समय मिले थे। कृपा करके इन्हें मदद करें। करोड़ों लोगों की मदद की है आपने। ?? सूद फाउंडेशन अपने 'एक्शन मैन' वाली पहचान को साबित करते हुए सोनू सूद ने तुरंत इस अपील का जवाब दिया। बिना किसी देरी के उन्होंने भरोसा दिलाया कि मदद पहले से ही चल रही है, और जवाब दिया, इलाज शुरू करवा दिया है। सब दुआ करते रहें। उनकी प्रतिक्रिया की सरलता और तत्परता ने एक बार फिर संकटग्रस्त लोगों के प्रति उनके व्यावहारिक दृष्टिकोण और सच्ची प्रतिबद्धता को उजागर किया। सोनू के लिए, परोपकार एक दिखावा नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। पिछले कुछ वर्षों में, सोनू सूद देश भर के अनगिनत लोगों के लिए आशा और मानवता के प्रतीक बन चुके हैं। चाहे चिकित्सा सहायता दिलवाना हो, आर्थिक मदद पहुँचानी हो या आपदाग्रस्त परिवारों को संभालना – उनकी संस्था सूद फाउंडेशन के माध्यम से किए गए निरंतर प्रयास आज भी लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। एक बार फिर, उनके काम ने यह साबित कर दिया कि असली हीरो वही होता है जो संवेदना और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ता है।





# पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंचे सुनील शेट्टी

**पर्सनैलिटी** राइट्स की सुरक्षा के लिए बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एक्टर ने कोर्ट से मांग की है कि बिना अनुमति के उनके फोटो का इस्तेमाल जुए की साइट्स, बिजनेस साइट्स और कई गलत जगहों पर किया जा रहा है, ऐसे में उन्हें पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा दी जाए। सुनील शेट्टी के वकील, वरिष्ठ एडवोकेट बिरेन्द्र सराफ ने कहा कि सुनील शेट्टी फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं और उनकी बिना इजाजत के उनकी तस्वीरें, वीडियो और डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल अलग-अलग बिजनेस साइट्स कर रही हैं। ज्यादा तस्वीरें और वीडियो का इस्तेमाल प्रोडक्ट के विज्ञापन और सेल को बढ़ाने में किया जा रहा है, जिससे ऐसा लगता है कि शेट्टी इन ब्रांड्स या सेवाओं से जुड़े हैं, जबकि हकीकत में उनका उन ब्रांड से कोई लेना-देना नहीं है। इससे दर्शकों के बीच एक्टर की छवि को लेकर गलत मैसेज जाता है। सुनील शेट्टी की तरफ से दायर की गई याचिका में डीपफेक फोटो का भी जिक्र है।

# चंदू चैंपियन के लिए कार्तिक आर्यन को मिला सम्मान

- गौतम अडानी ने सम्मानित किया, सुभाष घई बोले- एक्टर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम




**मुंबई के व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल में शुक्रवार को आयोजित Celebrate Cinema 2025 के समापन समारोह में इंडस्ट्री के कई दिग्गज एक मंच पर नजर आए। इस मौके पर अडानी ग्रुप चेयरमैन गौतम अडानी ने अभिनेता कार्तिक आर्यन को फिल्म चंदू चैंपियन के लिए सम्मानित किया। मंच पर डॉ. प्रीति अडानी, सुभाष घई, राजकुमार हिरानी, जैकी श्रॉफ और महावीर जैन भी मौजूद रहे। इस मौके पर सुभाष घई ने बताया कि कार्तिक का फिल्म चंदू चैंपियन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम है।**

समापन समारोह के दौरान अडानी ने सॉफ्ट पावर ऑफ सिनेमा पर बात करते हुए कहा कि सिनेमा सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि देश की पहचान और भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा - अब वक्त है कि भारत की कहानी भारतीय नजरिए से दुनिया तक पहुंचे।‚ढ्ढ तकनीक पर बात करते हुए अडानी ने कहा कि‚ढ्ढ से डरने के बजाय उसे अपनाना चाहिए, क्योंकि यही फिल्ममेकिंग का भविष्य है।

गौतम अडानी से सम्मानित होने के बाद कार्तिक आर्यन ने कहा, सर, आपकी स्पीच मेरी जिंदगी की सबसे प्रेरणादायक स्पीच में से एक थी। मैं‚ढ्ढ से डरता था, लेकिन आपने मेरी सोच बदल दी।'' उन्होंने व्हिसलिंग वुड्स को देश का श्रेष्ठ फिल्म स्कूल बताया और सुभाष घई को अपने करियर का अहम मार्गदर्शक कहा। सुभाष घई ने भावुक होकर कहा- बहुत कम लोग जानते हैं कि कार्तिक मेरी फिल्म कांची के हीरो थे और छह महीने तक मेरे असिस्टेंट डायरेक्टर भी रहे। चंदू चैंपियन उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम है। राजकुमार हिरानी ने अडानी के भाषण को शोले की स्पीच जैसा ऐतिहासिक बताया और कहा कि सिनेमा की सॉफ्ट पावर उसकी सच्चाई में है।

इंटरनेशनल म्यूज़िक फेस्टिवल अनटोल्ड

# दुबई 2025 में ग्लोबल स्टार नोरा फतेही मुख्य होंगी आकर्षण



**ग्लोबल** स्टार नोरा फतेही एक बार फिर इतिहास रचने के लिए तैयार हैं क्योंकि वह दुनिया के सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित म्यूज़िक फेस्टिवल्स में से एक UNTOLD दुबई 2025 के स्टार-स्टडेड लाइनअप में शामिल होंगी। यह फेस्टिवल 6 से 9 नवम्बर तक एक्सपो सिटी दुबई में आयोजित होगा, जहां नोरा, जे बाल्विन, मार्टिन गैरिक्स और एलन वॉकर सहित विश्व के कुछ सबसे बड़े संगीत हस्तियों के साथ मंच साझा करेंगी। यह फेस्टिवल, जो अपनी भव्य प्रस्तुति, विविध कलाकारों की मौजूदगी और अद्भुत अनुभव के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है, इस वर्ष अपने शानदार अंदाज़ में वापसी कर रहा है, और नोरा का मुख्य परफॉर्मेंस इस फेस्टिवल की सबसे बड़ी आकर्षणों में से एक होने वाली है। दर्शक उम्मीद कर सकते हैं एक हाई-एनर्जी प्रस्तुति की, जिसमें नोरा की सिग्नेचर डांस एनर्जी, पॉप स्टाइल और इंटरनेशनल साउंड का अनोखा संगम देखने को मिलेगा – जो एक ग्लोबल परफ़ॉर्मर के रूप में नोरा के विकास को दर्शाता है। ओह मामा! टेटेमा और स्नेक जैसे चार्ट-टॉपिंग हिट्स से लेकर जेसन डेरुलो और रेवनी के साथ ग्लोबल कोलैबोरेशन तक, और अब जल्द ही रिलीज होने वाली सॉन्ग शेनसीया के साथ उनके बहुप्रतीक्षित आगामी अंतर्राष्ट्रीय पॉप सिंगल जस्ट अ गर्ल तक, नोरा फतेही संगीत और प्रदर्शन के माध्यम से संस्कृतियों को जोड़ती रही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हो चुका है, जो उनके बढ़ते वैश्विक प्रभाव और सफलता में एक और उपलब्धि जोड़ता है, क्योंकि वह हर रिलीज़ के साथ ग्लोबल चार्ट और चर्चाओं पर हावी रहती हैं।

# 60 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में शिल्पा शेट्टी की सफाई

**मुंबई** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ दर्ज 60 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले में जांच तेज कर दी है। इसी कड़ी में पिछले सप्ताह शिल्पा शेट्टी का बयान दर्ज किया गया। जांच एजेंसी के अनुसार, शिल्पा शेट्टी ने अपने बयान में कहा कि उन्होंने बेस्ट डील टीवी से 4 करोड़ रुपए लिए, लेकिन यह रकम किसी निवेश या कारोबारी सौदे की नहीं थी, बल्कि उनकी सेलिब्रिटी फीस थी। शिल्पा शेट्टी ने जांचकर्ताओं से कहा कि मैं बेस्ट डील टीवी की डायरेक्टर जरूर थी, लेकिन जिन 4 करोड़ रुपए की बात हो रही है, वो मैंने कंपनी के प्रचार और विज्ञापन के लिए बतौर सेलिब्रिटी लिए थे। मैंने उस प्लेटफॉर्म पर एक विज्ञापन अभियान में हिस्सा लिया था, जिसके एवज में मुझे भुगतान किया गया। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शिल्पा शेट्टी ने कंपनी से जनवरी 2016 में अपने डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, जिस कंपनी में वे डायरेक्टर थीं, उसी से पैसे लेने का मामला अब जांच के दायरे में है। यह सही है या गलत, यह अभी सब्जेक्ट टू इंटरप्रिटेशन है। अधिकारी ने आगे कहा कि जांच के दौरान कंपनी से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल में एक और अहम जानकारी सामने आई है। शुरुआती चरण में इस कंपनी में बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार भी इक्विटी होल्डर रह चुके हैं। हालांकि, अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में अक्षय कुमार का कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं पाया गया है। अक्षय कुमार ने कभी भी कंपनी की किसी बोर्ड मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया और न ही वे कंपनी के रोजमर्रा के कार्यों से जुड़े थे। बता दें कि शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा पर व्यवसायी दीपक कोठारी ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। कोठारी का दावा है कि दंपति ने मिलकर उनका पैसा व्यवसाय में विस्तार करने के लिए कर्ज के तौर पर लिया था, लेकिन टैक्स को लेकर दोनों ने इसे निवेश के तौर पर दिखाने के लिए कहा। कोठारी ने शिकायत में यह भी कहा कि शिल्पा ने उनसे वादा किया था कि वह ब्याज की रकम भी टाइम पर लौटाएंगी, लेकिन पैसे वापस करने के समय शिल्पा ने कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया। एक्ट्रेस ने व्यवसाय में विस्तार के नाम पर पैसे लिए, लेकिन अपने निजी चीजों में खर्च कर दिए।



# अश्लीलता वाली फिल्मों की मंजूरी पर जावेद अख्तर ने उठाया सवाल

दोहरे अर्थ वाले गानों के बारे में भी की बात



**गीतकार** जावेद अख्तर ने फिल्मों की सेंसरशिप पर अपनी राय रखी है। उन्होंने दोहरे अर्थ वाले गानों के बारे में भी बात की है। आइए जानते हैं उनके विचार। मशहूर गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्मों की सेंसरशिप पर बात रखी है। उन्होंने इस बात पर निराशा जताई है कि समाज की वास्तविकता को दर्शाने वाली फिल्मों को भारत में सेंसरशिप का सामना करना पड़ता है, जबकि अश्लीलता से भरपूर फिल्मों को मंजूरी मिल जाती है।

### अश्लील फिल्मों को मिलती है मंजूरी

शुक्रवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुए, अख्तर ने कहा कि खराब दर्शक ही एक खराब फिल्म को सफल बनाते हैं। अनंतरंग 2025 के प्रोग्राम में बोलते हुए उन्होंने कहा इस देश में, सच्चाई यह है कि अश्लीलता को (फिल्म नियामक संस्थाओं से) मंजूरी मिल जाती है। उन्हें पता ही नहीं है कि ये गलत मूल्य हैं, एक पुरुषवादी दृष्टिकोण है जो महिलाओं को अपमानित करता है। जो चीजें समाज को आईना दिखाती हैं, उन्हें मंजूरी नहीं मिलती।

### फिल्में समाज की खिड़की हैं

जावेद अख्तर ने कहा फिल्म समाज की एक खिड़की होती है, जिससे आप झांकते हैं, फिर खिड़की बंद कर देते हैं, लेकिन खिड़की बंद करने से जो हो रहा है, वह ठीक नहीं हो जाएगा। उन्होंने कहा पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य की वजह से ही ऐसी फिल्में बन रही हैं। अगर पुरुषों का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो जाए, तो ऐसी फिल्में नहीं बनेंगी। अगर बन भी जाएंगी तो (सिनेमाघरों में) नहीं चलेंगी।

साभार एजेंसी

# मिशन शक्ति 5.0 : 8 महिलाओं को बांटे अंत्योदय राशन कार्ड

**नोएडा (चेतना मंच)।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी मेधा रूपम द्वारा अंत्योदय योजना की 08 महिला लाभार्थियों को खाद्य एवं रसद विभाग के माध्यम से अंत्योदय राशन कार्ड वितरित किए गए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुँचाया जाए। मिशन शक्ति 5.0 इसी दिशा में महिलाओं एवं वंचित वर्गों को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने लाभार्थियों से योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा आज जिन लाभार्थियों को अंत्योदय योजना के तहत राशन कार्ड वितरित किए गए हैं उनमें तहसील दादरी क्षेत्र की 08 महिला लाभार्थी सम्मिलित हैं। कार्यक्रम में प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी सहित खाद्य एवं रसद विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## खाद्य विभाग ने 6 खाद्य व पेय पदार्थों के लिए नमूने



**नोएडा (चेतना मंच)।** आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी सय्यद इबादुल्लाह, विशाल गुप्ता, रविंद्र नाथ वर्मा एवं अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा मिर्जापुर रोड रबूपुरा स्थित तंजीम की टोफू निर्माणशाला से टोफू का 01 नमूना जेवर स्थित मंगला ट्रेडर्स से हल्दी पाउडर का 1 नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मालती द्वारा मिर्जापुर रोड दनकौर स्थित एवन डेयरी से पनीर का 1 नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसके पांडेय एवं ओ.पी. सिंह की टीम द्वारा सेक्टर-39 नोएडा थाना से मोटर साइकिल से दूध बिक्री करने वाले मनोज चौहान से गव्यधारा ब्रांड के गाय के दूध के 2 नमूने संग्रहीत किए गए। पूछने पर मनोज द्वारा गव्य धारा का पैकर ग्राम-सोरखा नोएडा में बताया। तत्पश्चात टीम द्वारा ग्राम सोरखा पर निरीक्षण किया गया तथा दिवाकर पाण्डेय से गाय के दूध का एक नमूना संग्रहीत किया। इस प्रकार कुल 06 नमूने संग्रहीत कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।

## अस्पताल व अल्ट्रासाउंड केन्द्र नियमों का पालन करें: डीएम



**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिला रजिस्ट्रेशन एवं अल्ट्रासाउंड समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न अस्पतालों, अल्ट्रासाउंड केन्द्रों के पंजीकरण, नवीनीकरण एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने समिति के समक्ष जिले में संचालित अस्पतालों व अल्ट्रासाउंड केन्द्रों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की और निरीक्षणों की स्थिति से अवगत कराया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अस्पताल एवं अल्ट्रासाउंड केन्द्र निर्धारित नियमों एवं पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों का पूर्ण पालन करें। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप चौबे, एसीएमओ डॉ चंदन सोनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई सीपीआर जनजागरूकता की शपथ

**नोएडा (चेतना मंच)।** स्वास्थ्य विभाग एवं राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा द्वारा जनपद गौतमबुद्ध नगर में 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ आज जिलाधिकारी मेधा रूपम द्वारा विकास भवन के सभागार में दीप प्रज्वलित कर किया गया।



इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सीपीआर जनजागरूकता हेतु शपथ दिलाई और कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को आपात स्थिति में जीवन रक्षक तकनीकों की जानकारी होनी चाहिए, ताकि आकस्मिक परिस्थितियों में अमूल्य जीवन को बचाया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के विषय विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सीपीआर के महत्व, प्रक्रिया एवं सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान से डॉक्टर मानवेंद्र वैद्य ने बताया कि आपात स्थिति में किन परिस्थितियों में सीपीआर किया जाना चाहिए, इसके सही तरीके क्या हैं और किन बातों का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, निदेशक राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा ब्रिगेडियर डॉ राकेश कुमार गुप्ता, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, चिकित्सकगण, कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## से0-11 में दिवाली डांडिया नाइट में जमकर झूमे सेक्टरवासी

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-11 आरडब्ल्यूए द्वारा सेक्टरवासियों के लिए रविवार की शाम दिवाली डांडिया नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सिंगर अमन कश्यप के गीतों पर सभी सेक्टर वासी जमकर झूमे। सभी के लिए रविवार की शाम एक बार फिर यादगार बन गई। सेक्टर-11 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनुज गुप्ता के नेतृत्व में यह तीसरा दिवाली मिलन था। बच्चों और महिलाओं संग पुरुषों ने भी खूब ठुमके लगाए और डांडिया खेली। सभी सेक्टर वाले काफी प्रसन्न नजर आ रहे थे उनका कहना था कि ऐसे आयोजनों से व्यक्ति अपनी टेंशन भूल कर एक नई दुनिया में पहुंच जाता है, जो की एक अच्छी सेहत के लिए बहुत जरूरी है। लोगों ने अनुज गुप्ता के नेतृत्व में सेक्टर के हित में हुए हर एक कार्य की प्रशंसा की। इस आयोजन में महासचिव दिनेश कृष्णन,

कोषाध्यक्ष एस सी अग्रवाल, सतीश कुमार, संजय वर्मा, कुंवर सिंह, रामचंद्र, विनय मोहन, पारस सक्सेना, ए एन गुप्ता, गिरीश नारायण, GL गिरोतरा ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, महासचिव के के जैन, समाजसेवी डीपी गोयल, अग्रवाल मित्र मंडल के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल जी, अग्रवाल मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार गोयल, तुषार गोयल संदीप अग्रवाल, शैलजा सक्सेना, राहुल द्विवेदी समेत सेक्टर व नोएडा के की गणमान्य लोग उपस्थित थे।





## महिला आयोग सदस्य करेगी जनसुनवाई

**नोएडा (चेतना मंच)।** राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश की सदस्य डा0 मीनाक्षी भराला की अध्यक्षता में आगामी 15 अक्टूबर, 2025 (बुधवार) को प्रात: 10-30 बजे जनपद गौतमबुद्धनगर के ब्लॉक बिसरख, ग्रेटर नोएडा में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस जनसुनवाई के माध्यम से जनपद की महिलाओं से संबंधित शिकायतों, समस्याओं एवं सुझावों को सुनकर उनके निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

सदस्य डा0 मीनाक्षी भराला जनसुनवाई के उपरांत उक्त स्थल पर आयोजित 'मिशन शक्ति' अभियान के अंतर्गत 'पोषण पंचायत कार्यक्रम' में प्रतिभाग करेंगी तथा महिलाओं के सशक्तिकरण एवं पोषण संबंधी जागरूकता।

## सेक्टर-11 धवलगिरी आरडब्ल्यूए 6वीं बार अध्यक्ष चुने गये अशोक कुमार मिश्रा

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-11 धवलगिरी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन में छठवीं बार अशोक कुमार मिश्रा को वर्ष 2025 से 2027 तक के लिए निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। मालूम हो कि अशोक कुमार मिश्रा वर्तमान में फोनरवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी है तथा भाजपा के सरस्वती शिशु मंडल के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।



12 अक्टूबर को चुनाव अधिकारी गौरव कुमार, गिरीश चंद भट्ट, रमन सहदेव, केएस शर्मा तथा बाहरी ऑब्जर्वर प्रदीप वोहरा तथा धर्मेंद्र शर्मा ने निष्पक्षता से चुनाव की प्रक्रिया कार्रवाई। सभी सेक्टर वासियों की सर्व सम्मति से अशोक कुमार मिश्रा को निर्विरोध छठवीं बार अध्यक्ष चुन लिया गया। इसके अलावा श्रीमती श्यामा पाल को उपाध्यक्ष, एम.एस. रावत को महामंत्री, दीपक अरोड़ा को कोषाध्यक्ष, महेश चंद्र ममगई को संयुक्त सचिव, राम लखन सिंह को सहायक कोषाध्यक्ष तथा धीरेंद्र सिंह को आंतरिक लेखा परीक्षक चुना गया।

मालूम हो कि अशोक कुमार मिश्रा भाजपा के वरिष्ठ नेता है तथा वह सरस्वती शिशु मंडल में भाजपा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं एवं वर्तमान में फोनरवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष है। इसके पूर्व वे फोनरवा में उपाध्यक्ष तथा कोषाध्यक्ष की भी जिम्मेदारी निभा चुके है।

भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक मिश्रा बने सेक्टर-11 धवलगिरी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के छठी बार अध्यक्ष। उनके शपथ ग्रहण समारोह में जिला अध्यक्ष नोएडा महेश चौहान, फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी अमित त्यागी, प्रदीप बोहरा, भूपेश चौधरी, विनोद शर्मा, भूषण शर्मा, देवेंद्र राजपूत, अतुल त्यागी, सहित समिति के निवासी उपस्थित रहे।



**सेक्टर-61 में शिवालिक स्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व मंत्री हरिश्चन्द्र भाटी के सुपुत्र आशीष भाटी के असामयिक निधन पर उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम।**

## 15 अक्टूबर को किसान दिवस

**नोएडा (चेतना मंच)।** उप कृषि निदेशक गौतम बुद्ध नगर राजीव कुमार ने जनपद के समस्त कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए माह के तृतीय बुधवार 15 अक्टूबर 2025 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रात: 11 बजे विकास भवन स्थित सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा। उप कृषि निदेशक ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि आयोजित होने वाले किसान दिवस में निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर स्वयं उपस्थित होकर किसानों की समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें।

## सर्वसमाज के सर्वाधिक लोगों को रालोद में जोड़ें : जनार्दन भाटी




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जेवर कस्बे में राष्ट्रीय लोकदल पार्टी का सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके आयोजक हरवीर सिंह तालान एवं संदीप तालान कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी ने की।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जनार्दन भाटी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल पार्टी किसान मजदूर सर्व समाज को सम्मान करने वाली एवं भाईचारे में विश्वास रखने वाली पार्टी है। किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी के विचारधारा एवं सिद्धांतों को हम सभी कार्यकर्ता अपने जीवन में अपने 31 अक्टूबर सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती तक हम सब लोग मिलकर अधिक से अधिक सर्व समाज के लोगो को जोड़ने का कार्य करें।

इस मौके पर एड धर्मपाल सिंह तालान, देवी सिंह, वीरपाल सिंह, जोगेंद्र सिंह तालान, विनोद प्रधान, बिट्टू तालान, विक्की तालान, विनोद सिंह, महेश सिंह, उत्कर्ष, प्रकाश दरोगा, धर्मेंद्र सिंह, संजय तेवतिया, राजू प्रधान, सुनील कनिगड़ी, संजय तालान, जसवीर भाटी, रवि नागर, विक्रांत, चेतन, जसवीर मास्टर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

